दैनिक
# भारत देश हमारा
मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी | सम्पादकः अमृतपाल सिंह | DAILY BHARAT DESH HAMARA NEW DELHI

आरएनआई नं. 57282/1994 वर्ष 31 अंक 164 नई दिल्ली सोमवार 15 जून, 2026 मूल्य एक रुपया कुल पृष्ठः 8 फोन 97111 01161 ईमेल : bharatdeshdelhi@gmail.com

**हादसे में कई मजदूर घायल**

जालौन, 14 जून (निस) उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। मजदूरों से भरी एक डीसीएम गाड़ी और डंपर के बीच हुई जोरदार टक्कर में कई मजदूर घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी**

कन्नूर, 14 जून (निस) केरल के कन्नूर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस अलर्ट मोड पर आ गईं। हालांकि, हवाई अड्डे और संबंधित विमानों की व्यापक जांच के बाद यह धमकी पूरी तरह झूठी साबित हुई। मामले में मट्टनूर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भागवत ने होसबोले के बयान का बचाव किया कहा-विभाजन एतिहासिक भूल थी

नई दिल्ली, 14 जून (निस) संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पाकिस्तान के साथ संवाद बनाए रखने को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले के बयान का बचाव किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि होसबाले की टिप्पणी पाकिस्तान सरकार नहीं, बल्कि वहां के लोगों के संदर्भ में थी। साथ ही उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संबंध में संघ केंद्र सरकार की विदेश नीति का ही अनुसरण करता है। आरएसएस के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत आयोजित एक संवाद कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि पाकिस्तान में आज भी ऐसे अनेक लोग हैं जो मानते हैं कि भारत का विभाजन एक ऐतिहासिक भूल थी। उन्होंने दावा किया कि वहां कुछ पत्रकार और बुद्धिजीवी भी हैं जो आरएसएस के



कार्यों की सराहना करते हैं तथा दो-राष्ट्र सिद्धांत का विरोध करते हैं। भागवत ने कहा कि पाकिस्तान में ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं है जो मानते हैं कि दोनों देशों का साथ रहना अधिक बेहतर होता। ऐसे लोगों के साथ संवाद और संपर्क के रास्ते पूरी तरह बंद नहीं किए जाने चाहिए।

**युद्ध के बाद भी समाधान के लिए संवाद जरूरी**

संघ प्रमुख ने कहा कि यदि भविष्य में किसी युद्ध की स्थिति में भारत पाकिस्तान पर निर्णायक बढ़त हासिल करता है, तब भी वहां के लोगों के भविष्य को लेकर कोई न कोई समाधान तलाशना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे में या तो उन्हें भारत के साथ जोड़ना होगा अथवा उन्हें शांतिपूर्ण जीवन जीने योग्य परिस्थितियां उपलब्ध करानी होंगी। इसी संदर्भ में उन्होंने कहा, हम हिटलर जैसे नहीं हैं। यह हमारा स्वभाव नहीं है। इसलिए बातचीत और समाधान का कोई रास्ता खुला रहना चाहिए। अन्याय और अत्याचार का अंत होना चाहिए, लेकिन जो सकारात्मक है, उसे भी संरक्षित रखना आवश्यक है।

**होसबाले के बयान पर हुआ था विवाद**

दरअसल, हाल ही में दत्तात्रेय होसबाले ने एक साक्षात्कार में कहा था कि भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत के सभी विकल्प पूरी तरह बंद नहीं करने चाहिए। उनके इस बयान को लेकर राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर बहस छिड़ गई थी। अब मोहन भागवत ने इस विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि होसबाले के बयान को गलत संदर्भ में देखा गया। उनके अनुसार, टिप्पणी का आशय पाकिस्तान की जनता और वहां मौजूद सकारात्मक सोच रखने वाले लोगों से था, न कि पाकिस्तान की राज्य व्यवस्था या सरकार से।

**आरएसएस की अलग विदेश नीति नहीं** -भागवत ने यह भी स्पष्ट किया कि आरएसएस की किसी भी देश के संबंध में स्वतंत्र विदेश नीति नहीं है। उन्होंने कहा कि विदेश नीति तय करना सरकार का अधिकार और दायित्व है तथा संघ पड़ोसी देशों के मामलों में केंद्र सरकार के दृष्टिकोण का सम्मान करता है और उसी का पालन करता है।

## भारतीयों की मौत पर अमेरिका ने न अफसोस जताया न ही माफी मांगी-राहुल का मोदी सरकार पर प्रहार

नई दिल्ली, 14 जून (निस) लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिकी हमलों में भारतीय नाविकों की मौत के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार को निशाने पर लिया है। उन्होंने केंद्र सरकार को एक आज्ञाकारी नौकर बताते हुए कहा कि देश का सम्मान और रक्षा करने में विफल रही यह सरकार।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए सरकार की विदेश नीति और अमेरिका के प्रति उसके रुख पर तीखे सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर



के बीच हुई बातचीत का हवाला देते हुए कहा, कि अमेरिकी हमलों में भारतीय नागरिकों की मौत के बावजूद अमेरिका ने न तो खेद व्यक्त किया और न ही माफी मांगी। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अमेरिका लगातार निर्देशात्मक भाषा का इस्तेमाल कर रहा है और भारत सरकार उसका पर्याप्त विरोध तक नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि एक स्वतंत्र राष्ट्र ऐसी भाषा स्वीकार नहीं कर सकता। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए उन्हें आज्ञाकारी नौकर तक बताया और कहा, कि सरकार देश के सम्मान की रक्षा करने में विफल रही है।राहुल गांधी ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने विदेश में फंसे भारतीयों और प्रभावित नाविकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग की।

**भारतीय नाविकों की मौत के बाद बढ़ा राजनीतिक विवाद**-गौरतलब है कि ओमान तट के निकट हाल के दिनों में अमेरिकी नौसेना और अमेरिकी सेंट्रल कमांड द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई में तीन भारतीय नाविकों की मौत हुई थी। इस घटना के बाद विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर कड़ा रुख अपनाने का दबाव बढ़ाया है। नाविकों की मौत के मुद्दे पर अब राजनीतिक बहस तेज हो गई है। विपक्ष विदेश नीति और प्रतिक्रिया पर सवाल उठा रहा है, जबकि सरकार का कहना है कि उसने राजनयिक स्तर पर ढील बरती।

## फ्रांस में भारत इनोवेटस कार्यक्रम का उद्घाटन, पीएम ने कहा-स्टार्टसअप से नई क्रांति आई

नई दिल्ली, 14 जून (निस) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच रविवार को फ्रांस के नीस शहर में गर्मजोशी भरी मुलाकात हुई। राष्ट्रपति मैक्रों ने गले लगाकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम भारत, फ्रांस और दुनिया के अन्य देशों के प्रमुख स्टार्टअप्स, निवेशकों और वेंचर कैपिटल फंड्स को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया में कई देश व्यापार और रणनीतिक साझेदारी करते हैं, लेकिन कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं जो केवल हितों से नहीं, बल्कि साझा दृष्टिकोण और साझा मूल्यों से संचालित होते हैं। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस का संबंध



भी ऐसा ही है, जिसमें विश्वास, नवाचार, प्रेरणा, साझा मूल्य और भविष्य के लिए साझा दृष्टि शामिल है। मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने पिछले वर्षों में मिलकर कई नई पहलें शुरू की हैं और वैश्विक चुनौतियों के समाधान खोजने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा, भारत और फ्रांस हमेशा साथ चले हैं और हमें खुशी है कि 'भारत इनोवेट्स' जैसी महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत भी हम फ्रांस के साथ कर रहे हैं।प्रधानमंत्री ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपने मित्र इमैनुएल मैक्रों के इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद देते हैं। यह टिप्पणी दोनों नेताओं के बीच मजबूत व्यक्तिगत और कूटनीतिक संबंधों को भी दर्शाती है। मोदी ने कहा कि आज भारत का युवा केवल रोजगार तलाशने वाला नहीं, बल्कि समस्याओं का समाधान खोजने वाला बन चुका है। क्योंकि इनोवेशन भारत के DNA में है इसलिए अब यह दुनिया को समाधान दे रहा है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी मानवता के हित में नवाचार कर रही है और विश्वस्तरीय समाधान विकसित कर रही है। 'भारत इनोवेट्स' ऐसा मंच है जो भारतीय युवाओं की प्रतिभा को वैश्विक पहचान दिलाने का माध्यम बनेगा।

**मोदी-ट्रंप मध्य बैठक 17 को**

भारत और अमेरिका के उतार-चढ़ाव भरे रणनीतिक संबंधों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आगामी 17 जून को फ्रांस में एक महत्वपूर्ण बैठक करने जा रहे हैं। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी के अनुसार, फ्रांस में आयोजित होने जा रहे जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंच रहे दोनों वैश्विक नेता वहां एक विशेष द्विपक्षीय वार्ता में भी शामिल होंगे। दोनों नेताओं की यह मुलाकात ऐसे संवेदनशील समय में हो रही है, जब हाल ही में अमेरिकी नौसेना की एक कार्रवाई के दौरान तीन भारतीय नाविकों की मौत का मामला गरमाया हुआ है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रपति ट्रंप के हालिया बयानों को लेकर भारत में विपक्षी दल लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर रुख अपनाए हुए हैं।

### कॉकरोच जनता पार्टी का दो शहरों में प्रदर्शन

हैदराबाद, 14 जून (निस) युवाओं और छात्रों के संगठन 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) के बैनर तले रविवार को हैदराबाद और बेंगलुरु में विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। हैदराबाद के इंदिरा पार्क स्थित धरना चौक पर आयोजित प्रदर्शन में प्रसिद्ध शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक शामिल हुए। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए शिक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और छात्रों के हितों की रक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान प्रदर्शन स्थल पर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर नारेबाजी भी की गई।

वहीं, बेंगलुरु में आयोजित प्रदर्शन में अभिनेता प्रकाश राज ने आंदोलन के प्रति समर्थन व्यक्त किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र, युवा और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके के अनुसार, यह अभियान शिक्षा से जुड़े मुद्दों और छात्रों की चिंताओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। संगठन का दावा है कि यह आंदोलन सोशल मीडिया पर शुरू हुआ था, लेकिन अब यह युवाओं के अधिकारों और शिक्षा सुधार की मांग को लेकर जमीनी अभियान का रूप ले चुका है।

## भारतीयों की मौत पर ट्रम्प ने अफसोस जताना भी ठीक नहीं समझा, अति निंदनीय-शशि

नई दिल्ली, 14 जून (निस) भारत और अमेरिका के रिश्ते अपने सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। होर्मुज स्ट्रेट के पास अमेरिकी मिसाइल हमले में तीन भारतीयों की मौत हो गई है। इसके बाद विदेश मंत्रालय ने डिमार्श जारी कर अमेरिका के सामने विरोध दर्ज करवाया, लेकिन अब विदेश मंत्री जयशंकर और उनके अमेरिकी समकक्ष की लेकर वाशिंगटन से जो बयान जारी किया है उसने दिल्ली में सभी के कान खड़े कर दिए हैं। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भी अमेरिका के इस बयान को असंवेदनशील बताया



है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक्स पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय के बयान को रिपोस्ट करते हुए कांग्रेस नेता थरूर ने अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने लिखा- अमेरिका का यह आधिकारिक बयान पढ़कर गहरा झटका लगा है। इसमें निर्दोष भारतीयों की मौत पर बिलकुल भी खेद या संवेदना व्यक्त नहीं की गई है। कोई मित्र या रणनीतिक साझेदार इतना असंवेदनशील कैसे हो सकता है? उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अमेरिकी नेवी के पास जहाज को रोकने के लिए कोई और तरीका नहीं था? क्या जहाज पर मिसाइल से हमला करना जरूरी था? उन्होंने लिखा- होर्मुज स्ट्रेट के पास अमेरिकी नेवी की **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

### भाजपा नेता ने अभिषेक बैनर्जी के खिलाफ 17 पन्नों की शिकायत थाने को सौंपी

कोलकाता, 14 जून (निस) पश्चिम बंगाल में सियासी घमासान के बीच बीजेपी नेता ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद अभिषेक



बनर्जी पर अम्फान चक्रवात राहत कोष में 200 करोड़ रुपए से ज्यादा की अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बीजेपी नेता अभिजीत दास बॉबी ने 17 पन्नों की शिकायत सौंपी। इस बीच पश्चिम बंगाल सीआईडी ने जाली हस्ताक्षर करने के मामले में अभिषेक बनर्जी को पूछताछ के लिए एक और नोटिस जारी किया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 2020 में आए सुपर साइक्लोन अम्फान के पीड़ितों के लिए जारी राहत राशि के वितरण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हुईं। इसमें डुप्लीकेट और संदिग्ध एंट्री, एक ही मोबाइल नंबर और बैंक खाते के जरिए कई लाभार्थियों को भुगतान और एक ही आवासीय भवन से कई लोगों को लाभ दिलाने जैसे आरोप शामिल हैं।

## पार्टी में बगावत को शांत करने के लिए अब ममता बैनर्जी भी मायावती का फार्मूला अपनाएगी

नई दिल्ली 14 जून (निस) अब टीएमसी को बचाने मायावती का फॉर्मूला अपनाएंगी ममता? यह सवाल पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर मचे घमासान को देखकर तेजी से उठने लगा है। राज्य में पार्टी की करारी हार के बाद लंबे समय से सुलग रहा आंतरिक असंतोष अब एक बड़े राजनीतिक विस्फोट के रूप में सामने आ चुका है। इन चुनावी नतीजों ने न केवल राज्य की सत्ता के समीकरणों को बदला है, बल्कि पार्टी के आंतरिक



ढांचे को भी पूरी तरह से चरमरा कर रख दिया है। 60 विधायकों की खुली बगावत के बाद अब देश की राजधानी दिल्ली में टीएमसी के 20 से अधिक लोकसभा सांसदों ने भी बगावती रुख अख्तियार कर लिया है। इस अभूतपूर्व संकट के बीच ममता बनर्जी के सबसे पुराने, वफादार और मुखर सहयोगी कल्याण बनर्जी ने भी अब सीधे तौर पर शीर्ष नेतृत्व को चेतावनी दे दी है। इस कदम ने पार्टी के भीतर लंबे समय से चल रही 'बुआ बनाम भतीजा' की जंग को आधिकारिक और बेहद निर्णायक मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान बसपा प्रमुख मायावती द्वारा लिए गए उस कड़े फैसले से की जा रही है, जब उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को परिपक्वता आने तक पार्टी के सभी महत्वपूर्ण पदों से हटा दिया था।

### आग लगने की अफवाह से कूदे यात्री दूसरी ट्रेन की चपेट में आए, 8 की मौत

मुरैना 14 जून (निस) : मुरैना जिले के हेतमपुर और घेर रेलवे स्टेशनों के बीच रविवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैलने के बाद घबराए यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रोक दी। इसके बाद कुछ यात्री ट्रेन से उतरकर रेलवे ट्रैक पर आ गए और दूसरी लाइन पर आ रही पातालकोट एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। हादसे में तीन महिलाओं और एक मासूम बच्चे समेत कुल आठ लोगों की मौत की सूचना है, जबकि कई अन्य यात्री घायल बताए



जा रहे हैं। हालांकि मृतकों और घायलों की संख्या को लेकर प्रशासन की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।जानकारी के मुताबिक, उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ग्वालियर से मुरैना की ओर जा रही थी। इसी दौरान किसी यात्री ने डिब्बे में आग लगने **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

### हरियाणा के मुख्यमंत्री ने 11 लाख की अनुदान राशि भेंट की...

## राष्ट्रसेवा एवं अंत्योदय की भावना को आगे बढ़ाने का समाजिक संस्थाओं का काम सराहनीय-सैनी

चंडीगढ़, 14 जून (अमृतपाल सिंह) हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसी भी समाज की महानता उसकी आर्थिक समृद्धि से नहीं, बल्कि कमजोर, असहाय और जरूरतमंद लोगों के प्रति उसके व्यवहार से मापी जाती है। जो समाज अपने वंचित और जरूरतमंद वर्ग की चिंता करता है, वही वास्तव में प्रगतिशील और संवेदनशील समाज कहलाता है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी रविवार को पंजाब के लुधियाना स्थित ज्ञान स्थल मंदिर में आयोजित 346वें मासिक विधवा राशन एवं सहायता वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने ज्ञान स्थल मंदिर सेवा सोसाइटी को 11 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने अमर शहीद लाला जगत नारायण



को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता और मानव सेवा के लिए समर्पित किया। देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि लाला जगत नारायण जी की सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित की भावना की विरासत को आज ज्ञान स्थल मंदिर सेवा सोसाइटी तथा लाला जगत नारायण निष्काम सेवा समिति आगे बढ़ा रही हैं।

**346 महीनों से निरंतर सेवा का अनूठा अभियान** - मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1997 में स्वर्गीय जगदीश बजाज द्वारा शुरू किया गया यह सेवा अभियान आज एक विशाल जनकल्याणकारी आंदोलन का रूप ले चुका है। लगातार 346 महीनों तक जरूरतमंद विधवा माताओं और बहनों तक सहायता पहुंचाना अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आज जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद प्रभावित परिवारों के लिए रवाना किए गए 64वें राहत सामग्री ट्रक की भी सराहना की।उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा अब तक 1 लाख 65 हजार से अधिक जरूरतमंद विधवा परिवारों को राशन वितरित किया जा चुका है। कोविड-19 महामारी जैसे चुनौतीपूर्ण दौर में भी संस्था के स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाने का कार्य किया। इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा 385 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल उपलब्ध करवाई गई हैं, 1 लाख 15 हजार से अधिक महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की गई हैं तथा 25 हजार से अधिक बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा प्रदान कर उनके भविष्य को नई दिशा देने का कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्था केवल सहायता वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है। कौशल विकास और स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली इसकी **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

### मिजोरम बन रहा नशे का गढ़, म्यांमार से हो रही सिंथेटिक ड्रग्स 'आइस' की होम डिलीवरी

आइजोल, 14 जून (निस) मिजोरम की राजधानी आइजोल में रात के अंधेरे और सन्नाटे में युवक हाथों में टॉर्च और डंडे लिए घूम रहे हैं। ये पुलिस नहीं, बल्कि 'यंग मिजो एसोसिएशन' (वाईएमए) के वॉलेंटियर्स हैं, जो सूबे की रगों में घोले जा रहे म्यांमार के सिंथेटिक ड्रग्स 'आइस' से अगली पीढ़ी को बचाने पहरा दे रहे हैं। मिजोरम इस समय नशा संकट से जूझ रहा है। म्यांमार की 500 किमी लंबी खुली सीमा से आने वाले खतरनाक सिंथेटिक ड्रग्स ने राज्य के सामाजिक ताने-बाने को बिखेर दिया है। पिछले साल इस ड्रग्स ने 118 तो इस साल अब तक 21 लोगों की जानें ली हैं। म्यांमार सीमा से सटा चंफाई जिला इसका मुख्य कॉरिडोर है। बीते तीन साल में यहां से करीब चार हजार किलो ड्रग्स जब्त हुई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चौंकाने वाली बात यह है कि पूरा कारोबार डिजिटली हो रहा है। ड्रग्स सप्लायर वॉट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सीक्रेट ग्रुप्स बनाकर नेटवर्क चला रहे हैं।

## नीट-यूजी पेपर लीक को लेकर कांग्रेस 17 जून से करेगी छात्र सम्मेलन, कोटा से होगी शुरुआत

नई दिल्ली, 14 जून (निस) लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी नीट-यूजी और कई अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक मामले को लेकर छात्र सम्मेलन करेंगे। इसकी शुरुआत 17 जून को राजस्थान के कोटा से होगी। इसके बाद प्रयागराज, पटना और दिल्ली में भी वह इस तरह के सम्मेलनों के जरिए राहुल गांधी छात्रों से संवाद करेंगे। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि इन छात्र सम्मेलनों के जरिए नीट के विकेंद्रीकरण, परीक्षा शुल्क खत्म करने, पेपर लीक रैकेट में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई जाएगी। कांग्रेस ने 8 जून को अपने महासचिवों, प्रभारियों और प्रदेश अध्यक्षों के साथ बैठक में फैसला किया था कि नीट मामले, चुनावों से पहले सीट चोरी किए जाने, बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाएगा।

वेणुगोपाल ने शनिवार को इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे के मार्गदर्शन और राहुल गांधी के सशक्त नेतृत्व में कांग्रेस ने खास अभियान छेड़ने की तैयारी की है। उन्होंने पेपर लीक, परीक्षा में गड़बड़ी, बेरोजगारी और मोदी सरकार की ओर से भारत के युवाओं के साथ किए जा रहे सुनियोजित विश्वासघात के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी अभियान के पहले फेज का ऐलान भी किया है। राहुल गांधी छात्रों के बड़े सम्मेलन करेंगे, जिसकी शुरुआत 17 जून को राजस्थान के कोटा से होगी। फिर 10 जुलाई को प्रयागराज, 11 जुलाई को पटना और 14 जुलाई को दिल्ली में भी सम्मेलन आयोजित होंगे उनके मुताबिक इन सम्मेलनों में छात्र, परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा, युवा संगठन, शिक्षक और परीक्षा घोटालों से सीधे प्रभावित, सभी लोग शामिल होंगे। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि इस सम्मेलन में उन लाखों युवा भारतीयों की मुश्किलों को सामने लाया जाएगा जिनका भविष्य पेपर लीक, परीक्षा की बढ़ती लागत और निष्पक्ष, पारदर्शी भर्ती और शिक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने में सरकार की विफलता के कारण बार-बार खतरे में पड़ रहा है।वेणुगोपाल ने कहा कि इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत, पार्टी देशभर में एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, प्रदेश कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी और स्थानीय यूनिट के जरिए बड़े पैमाने पर छात्रों तक पहुंचने और उन्हें एकजुट करने के राहुल गांधी के आह्वान को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने आगे कहा कि लोगों के बीच मौजूदगी और डिजिटल माध्यम, कैंपस में संपर्क, कोचिंग सेंटरों, विश्वविद्यालयों, स्कूलों और युवा केंद्रों पर बातचीत, सोशल मीडिया अभियान, लाइव स्क्रीनिंग और छात्रों के साथ सीधे संवाद जैसे कार्यक्रम बड़े पैमाने पर किए जाएंगे।

# सम्पादकीय

## उड़ान के दौरान यात्री को पानी न देना उपभोक्ता सेवा में कमी!

हिमाचल के जिला धर्मशाला उपभोक्ता आयोग ने उड़ान में बच्चों को पानी न देने के लिए थाई लायन एयर पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह परिवाद तरुण कुमार चौरसिया ने उपभोक्ता आयोग के समक्ष दायर किया था, जिन्होंने बैंकॉक की यात्रा के लिए अपने और अपने परिवार के लिए हवाई टिकट बुक किए थे।हिमांशु मिश्रा और आरती सूद की अध्यक्षता वाले जिला उपभोक्ता आयोग ने यह भी माना कि एयरलाइन का यह आचरण बुनियादी मानवाधिकारों का उल्लंघन और सेवा में कमी का मामला है। तरुण कुमार चौरसिया ने फ्लाइट नंबर एसएल0214 के तहत अपने और अपने परिवार के लिए बैंकॉक की यात्रा के लिए टिकट बुक किए थे, जो मूल रूप से 13 से 20 जनवरी, 2025 तक निर्धारित थे। थाई लायन एयर ने उपभोक्ता की सहमति के बिना उड़ान को 14 से 21 जनवरी तक पुनर्निर्धारित कर दिया, जिससे परिवार की यात्रा योजना बाधित हुई और उन्हें वित्तीय नुकसान हुआ, जिसमें 2,527 रुपये की गैर-वापसी योग्य होटल बुकिंग भी शामिल है। अमृतसर से बैंकॉक की उड़ान के दौरान, एयरलाइन के कर्मचारियों ने उनके 10 और 15 वर्ष के बच्चों को पीने का पानी देने से यह कहकर इनकार कर दिया कि पानी मुफ्त नहीं है और केवल थाई करेंसी में ही खरीदा जा सकता है। एयरलाइन द्वारा भारतीय मुद्रा स्वीकार न किए जाने के कारण बच्चे छह घंटे की पूरी यात्रा के दौरान प्यासे रहे। जिसपर थाई लायन एयर और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय दोनों को नोटिस भेजे जाने के बाद जिला उपभोक्ता आयोग ने इस मामले पर सुनवाई की। वैध नोटिस मिलने के बावजूद, कोई भी विपक्षी पक्ष आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। परिणामस्वरूप, उपभोक्ता के हलफनामे और सहायक दस्तावेजों के आधार पर मामले की कार्यवाही एकतरफा सुनवाई के लिए निर्धारित की गई। आयोग ने हस्ताक्षरित यात्री टिप्पणी प्रपत्र (अनुलग्नक सी-4) को मुख्य साक्ष्य के रूप में संदर्भित किया और पाया कि सुनीसा नामक एक चालक दल सदस्य ने एक बयान पर हस्ताक्षर करके पुष्टि की थी कि उड़ान में नियमित पानी की कोई मुफ्त व्यवस्था नहीं थी और खरीद के लिए केवल थाई करेंसी ही स्वीकार किए जाते थे।

अपने फैसले में उपभोक्ता आयोग ने कहा, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि विपक्षी पार्टी नंबर 1 थाई लायन एयर ने उपभोक्ता के नाबालिग बच्चों को छह घंटे की लंबी यात्रा के दौरान प्यासा रखकर सेवा में लापरवाही बरती है। विपक्षी पार्टी नंबर एक के चालक दल ने न केवल सेवा में लापरवाही बरती है, बल्कि इस मामले में बुनियादी मानवाधिकारों का भी उल्लंघन हुआ है।उपभोक्ता की पूर्व सहमति के बिना उड़ान का समय बदलना भी सेवा में लापरवाही है। इसलिए, शिकायत स्वीकार की गई।उपभोक्ता आयोग ने थाई लायन एयर को मानसिक पीड़ा के मुआवजे के रूप में एक लाख रुपये, होटल के नुकसान के लिए 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित 2,527 रुपये और मुकदमे खर्च के रूप में 10,000 रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। फ्लाइट में पानी न मिलना यात्रियों के अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। सभी एयरलाइनों के लिए उड़ान के दौरान पीने का पानी मुफ्त उपलब्ध कराना अनिवार्य है।इसी प्रकार 31 जनवरी की सुबह लैक्स से की फ्लाइट लेट हो गई।साथ ही प्लेन बहुत गर्म और उमस भरा हो गया था।एक यात्री ने पानी मांगा तो एयर होस्टेस ने इसे नियमों के खिलाफ बताया व कहा कि वे पानी बेच भी नहीं सकते। उन्होंने यात्री को पानी पीने के लिए प्लेन से उतार दिया, लेकिन वापस प्लेन में चढ़ाने के लिए 10 मिनट तक दरवाजा खोलने के लिए कोई स्टाफ मौजूद नहीं था। जब यात्री ने यह बात फ्लाइट अटेंडेंट को बताई तो उसने बचाव करते हुए कहा, यह हमारी गलती नहीं है और मुंह फेर लिया। फ्लाइट स्टाफ का यह आचरण भी उपभोक्ता सेवा में कमी की परिधि में आता है।जिसके लिए अनुतोष प्राप्त किया जा सकता है।

## कर्म से बना है वर्ण

मेरे द्वारा चार वर्णों की रचना गुण और कर्मों के हिसाब से की जाती है, फिर भी तू मुझे कभी न खत्म होना वाला और कर्मों के बंधन से मुक्ति ही जान ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं, अब ऐसा मान लेते हैं कि जो जिस घर में जन्म लेता है, वह उसी वर्ण का कहलाता है। जबकि वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म के आधार पर शुरू हुई थी। पहले जब बच्चे को पढ़ाई के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, तब तक वह किसी वर्ण का नहीं कहलाता था। वहां गुरु अपने शिष्यों की रुचि को जानकर उसके हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे। वेदों को पढ़ने में रुचि लेने वालों को ब्राह्मण, युद्ध कला में महारथी को क्षत्रिय, व्यापार में रुचि वाले को वैश्य और सेवा भाव वाले को शूद्र की उपाधि दी जाती थी। इसके बाद वे समाज में उसी के हिसाब से काम करते थे। यही भगवान कह रहे हैं कि मैंने गुणों और कर्मों के आधार पर चार वर्णों की रचना की हैं, जिससे सभी मनुष्य कर्मों में लगे रहें। ये सब करते हुए भी तुम मुझे कभी न खत्म होने वाला और कुछ न करने वाला जानो। सब कुछ करते हुए भी भगवान कह रहे हैं कि मैं कुछ भी नहीं करता।

# नीति आयोग की 11वीं परिषद बैठक से निकला नया विकास मंत्र

--विनोद कुमार सिंह 'तकियावाला'




नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सम्पन्न नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं थी,बल्कि भारत के भविष्य की विकास दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विमर्श था। विकसित राज्य से विकसित भारत की थीम पर आयोजित इस बैठक में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपने-अपने प्रदेशों की आवश्यकताओं, चुनौतियों और विकास संबंधी सुझावों को केंद्र सरकार के समक्ष रखा।सर्वविदित रहे यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में देश की अर्थव्यवस्था लगभग 4.3 ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर पहुंच चुकी है और अगले दशक में इसे 10 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।ऐसे में राज्यों की भागीदारी और उनकी विकास क्षमता निर्णायक महत्व रखती है।बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कहा कि विकसित भारत का सपना दिल्ली में बैठकर पूरा नहीं किया जा सकता।इसके लिए राज्यों को विकास का इंजन बनना होगा। उन्होंने राज्यों से निवेश आकर्षित करने, रोजगार सृजन,कृषि आधुनिकीकरण, कौशल विकास और डिजिटल प्रशासन को बढ़ावा देने का आह्वान किया।इस बैठक का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों द्वारा रखे गए सुझाव और मांगें रहीं।इन सुझावों ने यह स्पष्ट कर दिया कि राज्यों की प्राथमिकताएं अलग-अलग हो सकती हैं,लेकिन लक्ष्य एक ही है—तेज,समावेशी और सतत विकास। मोहन यादव ने मध्य प्रदेश को कृषि एवं औद्योगिक हब बनाने के लिए सिंचाई परियोजनाओं, लॉजिस्टिक कॉरिडोर और कृषि प्रसंस्करण उद्योगों के विस्तार पर बल दिया। उन्होंने केंद्र से अधोसंरचना परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त सहयोग की माँग की।नबाब सिंह सैनी ने हरियाणा को विनिर्माण और निर्यात केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए औद्योगिक गलियारों, कौशल विकास और एमएसएमई क्षेत्र को और मजबूत बनाने की आवश्यकता बताई।उन्होंने कृषि में ड्रोन तकनीक तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को बढ़ावा देने का सुझाव भी दिया।भजन लाल शर्मा ने जल संकट को राजस्थान की सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए नदी जोड़ो परियोजनाओं और जल संरक्षण कार्यक्रमों में केंद्र के सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।साथ ही उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में राजस्थान की भूमिका को और मजबूत करने की बात कही।योगी आदिनाथ ने उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते औद्योगिक निवेश,एक्सप्रेसवे नेटवर्क और डिफेंस कॉरिडोर का उल्लेख करते हुए राज्यों को अधिक वित्तीय लचीलापन देने की मांग रखी ताकि विकास परियोजनाओं को गति मिल सके।देवन्द्र फडनवीस ने मुंबई महानगर क्षेत्र, सेमीकंडक्टर उद्योग और हरित ऊर्जा निवेश को राष्ट्रीय विकास का प्रमुख आधार बताते हुए वैश्विक निवेश आकर्षित करने के लिए राज्यों को अधिक नीति समर्थन देने की बात कही।पूर्वोत्तर राज्यों के प्रतिनिधियों ने सड़क,रेल और डिजिटल कनेक्टिविटी को अपनी प्रमुख प्राथमिकता बताया।उनका मत था कि बेहतर संपर्क व्यवस्था ही क्षेत्रीय विकास और राष्ट्रीय एकीकरण का आधार बनेगी।इस बैठक में कृषि क्षेत्र पर विशेष चर्चा हुई।आज भी लगभग 45 प्रतिशत भारतीय आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। राज्यों ने प्राकृतिक खेती,सूक्ष्म सिंचाई,कृषि निर्यात और भंडारण सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया। कई मुख्यमंत्रियों ने कृषि मूल्य श्रृंखला को मजबूत बनाने के लिए केंद्र और राज्यों के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता बताई।स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र भी चर्चा के केंद्र में रहे। राज्यों ने चिकित्सा शिक्षा संस्थानों की संख्या बढ़ाने, जिला अस्पतालों को सुदृढ़ बनाने तथा नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता पर बल दिया।भारत की 65 प्रतिशत से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। इसलिए कौशल विकास और रोजगार सृजन को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाने पर व्यापक सहमति दिखाई दी। हरित ऊर्जा को लेकर भी महत्वपूर्ण विचार सामने आए। भारत ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर- जीवाश्म ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रखा है।राजस्थान,गुजरात,तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्यों ने सौर एवं पवन ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने के लिए केंद्र के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। डिजिटल इंडिया की उपलब्धियों का भी उल्लेख हुआ।आज भारत में 150 करोड़ से अधिक आधार प्रमाणीकरण प्रतिमाह हो रहे हैं और यूपीआई लेन-देन विश्व का सबसे बड़ा डिजिटल भुगतान नेटवर्क बन चुका है।राज्यों ने डिजिटल प्रशासन और सेवा वितरण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणालियों को अपनाने का सुझाव दिया।इस बैठक का सबसे महत्वपूर्ण संदेश सहकारी संघवाद की भावना का और अधिक मजबूत होना रहा।केंद्र और राज्यों के बीच संवाद,सहयोग और साझेदारी के माध्यम से विकास के नए मॉडल विकसित करने पर सहमति बनी। यह स्पष्ट हुआ कि विकसित भारत का मार्ग राज्यों से होकर ही गुजरता है।

निष्कर्षत: नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक ने केवल नीतिगत चर्चा नहीं की,बल्कि भारत के अगले दो दशकों के विकास का व्यापक खाका प्रस्तुत किया।मुख्य मंत्रियों के सुझावों और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की विकास दृष्टि ने यह संकेत दिया है कि आने वाले वर्षों में भारत का विकास मॉडल अधिक विकेंद्रीकृत,सहभागी और परिणामोन्मुख होगा।यदि इस बैठक में सामने आए सुझावों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है, तो वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य केवल एक सरकारी संकल्प नहीं,बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक उपलब्धि बन सकता है।यही इस बैठक का सबसे बड़ा संदेश और सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष है।

# मध्य पूर्व में शांति होने के सुखद संकेत लेकिन कब तक

**-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

-भारत की ऊर्जा सुरक्षा, महंगाई और अर्थव्यवस्था पर मंडराता संकट -व्यापक समग्र विश्लेषण ईरान नें होर्मुज जलडमरूमध्य बंद से ऊर्जा सुरक्षा, वैश्विक व्यापार मुद्रास्फीति और आर्थिक स्थिरता को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं होर्मुज जलडमरूमध्य बंद से केवल क्षेत्रीय नहीं वैश्विक अर्थव्यवस्था को झटका की संभावना?, इस जलमार्ग में व्यवधान का असर सीधे अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजारों पर दिखाई देता है वैश्विक स्तरपर पश्चिम एशिया एक बार फिर वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल का केंद्र बन गया है। 11 जून 2026 को स्थिति तब और गंभीर हो गई जब ईरान ने अमेरिका के साथ बढ़ते सैन्य टकराव के बीच दुनियाँ के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक, होर्मुज जलडमरूमध्य, को सभी वाणिज्यिक जहाजों और तेल टैंकरों के लिए बंद करने की घोषणा कर दी। ईरानी सैन्य नेतृत्व ने चेतावनी दी है कि जलडमरूमध्य से गुजरने की कोशिश करने वाले किसी भी जहाज को निशाना बनाया जाएगा। यह कदम कथित रूप से अमेरिका और ईरान के बीच समुद्री टकराव तथा अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों के बाद उठाया गया है। इसके साथ ही वैश्विक ऊर्जा बाजारों में भारी बेचैनी फैल गई है। ब्रेंट क्रूड की कीमत लगभग 95.40 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी डब्ल्यूटीआई लगभग 92.6 डॉलर प्रतिबैरल तक पहुंच गया है। दुनियाँ की लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस आपूर्ति इसी मार्ग से गुजरती है, इसलिए इस घटनाक्रम ने ऊर्जा सुरक्षा, वैश्विक व्यापार, मुद्रास्फीति और आर्थिक स्थिरता को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने भी खाड़ी क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों पर बढ़ते हमलों और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताव्यक्त की है। वर्तमान घटनाक्रम केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है।



मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि यह बिल्कुल सही है कि होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व ऊर्जा व्यवस्था की धुरी माना जाता है। फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला यह संकरा समुद्री मार्ग सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, कतर, इराक और ईरान जैसे प्रमुख ऊर्जा उत्पादक देशों के निर्यात का मुख्य रास्ता है। सामान्य परिस्थितियों में प्रतिदिन करोड़ों बैरल तेल और विशाल मात्रा में एलएनजी इसी मार्ग से दुनिया के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचती है। यही कारण है कि जब भी इस जलमार्ग में व्यवधान आता है, उसका असर सीधे अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजारों पर दिखाई देता है। वर्तमान संकट में भी निवेशकों और ऊर्जा कंपनियों ने आपूर्ति बाधित होने की आशंका को देखते हुए तेल खरीदना शुरू कर दिया, जिसके परिणाम स्वरूप कच्चे तेल की कीमतों में तत्काल उछाल देखने को मिला। साथियों, अंतरराष्ट्रीय बाजारों की पहली प्रतिक्रिया तेल कीमतों में तेजी के रूप में सामने आई है। ब्रेंट क्रूड लगभग 95 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया है जबकि डब्ल्यूटीआई भी 92 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार कर रहा है। ऊर्जा विश्लेषकों का मानना है कि यदि जलडमरूमध्य लंबे समय तक बंद रहता है या सैन्य संघर्ष और बढ़ता है तो तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर भी जा सकती हैं। वैश्विक वित्तीय बाजारों में भी अस्थिरता बढ़ने की आशंका है क्योंकि ऊर्जा लागत लगभग हर आर्थिक गतिविधि को प्रभावित करती है।

साथियों, भारत के लिए यह संकट विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि देश अपनी आवश्यकता का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। भारत की ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से पूरा होता है और उसका एक बड़ा भाग होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आता है। इसलिए इस मार्ग में किसी भी प्रकार की रुकावट का सीधा असर भारतीय ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ता है। यदि तेल की आपूर्ति प्रभावित होती है तो भारत का आयात बिल बढ़ेगा,चालू खाता घाटा बढ़ सकता है और रुपये पर दबाव पड़ सकता है। ऊर्जा आयात पर बढ़ती लागत अंततः उपभोक्ताओं तक पहुंचती है और महंगाई को बढ़ावा देती है।सबसे पहला प्रभाव पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर दिखाई दे सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल महंगा होने से भारतीय तेल विपणन कंपनियों की लागत बढ़ जाती है। यदि मौजूदा तनाव कुछ और दिनों या सप्ताहों तक बना रहता है तो पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। विशेषज्ञों का अनुमान है कि लंबी अवधि तक ऊंचे तेल मूल्य बने रहने पर ईंधन की कीमतों में कई रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो सकती है। इसका सीधा असर आम नागरिकों, किसानों, उद्योगों और परिवहन क्षेत्र पर पड़ेगा।पेट्रोल और डीजल केवल वाहन चलाने का साधन नहीं हैं बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा हैं। डीजल की कीमत बढ़ने का अर्थ है कि ट्रकों, बसों और मालवाहक वाहनों की परिचालन लागत बढ़ जाएगी। जब परिवहन महंगा होता है तो फल, सब्जियां, दूध, अनाज, दवाइयां और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ने लगती हैं।

साथियों, 7 जून 2026 से मृग लग गया है व खेती के कार्य शुरू हो चुके हैं,कृषि क्षेत्र भी इस संकट से अछूता नहीं रहेगा।

भारत में सिंचाई, कृषि मशीनरी और खाद्य आपूर्ति श्रृंखला का बड़ा हिस्सा डीजल पर निर्भर है। डीजल महंगा होने से किसानों की लागत बढ़ेगी और इसका असर खाद्यान्न कीमतों पर पड़ सकता है।

# आप्रेशन मिलाप: बिछड़ों को अपनों से मिलाने का मानवीय अभियान

**कांतिलाल मांडोत**

– गुमशुदगी केवल एक व्यक्ति का खो जाना नहीं, बल्कि पूरे परिवार की सांसों में उतर जाने वाला दर्द है-किसी घर का बेटा, बेटी, बहन, भाई या माता-पिता अचानक लापता हो जाएं तो उस परिवार पर क्या गुजरती है, इसका अंदाजा वही लगा सकता है जिसने इस पीड़ा को करीब से महसूस किया हो। गुमशुदगी केवल किसी व्यक्ति का घर से दूर हो जाना नहीं है, बल्कि यह पूरे परिवार की खुशियों, उम्मीदों और मानसिक शांति के खो जाने जैसा होता है। हर गुजरते दिन के साथ परिजनों की चिंता बढ़ती जाती है। हर दरवाजे की आहट उन्हें उम्मीद देती है कि शायद उनका अपना लौट आया हो। हर फोन कॉल उन्हें चौंका देती है। ऐसे में जब वर्षों या महीनों से बिछड़ा कोई व्यक्ति अचानक परिवार से मिल जाता है तो वह क्षण किसी चमत्कार से कम नहीं होता। गुजरात पुलिस द्वारा चलाया गया ऑपरेशन मिलाप इसी मानवीय संवेदना का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत मात्र एक महीने में 1470 गुमशुदा व्यक्तियों को खोजकर उनके परिवारों से मिलाया गया। यह केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि हजारों टूटते हुए परिवारों के जीवन में आशा, विश्वास और खुशियों की वापसी का अभियान है। इस अभियान में 852 महिलाओं, 342 पुरुषों तथा 276 नाबालिग बच्चों और किशोरियों को खोजकर उनके परिजनों तक पहुंचाया गया। विशेष रूप से यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि बड़ी संख्या में किशोरियां और महिलाएं अपने परिवारों से बिछड़ गई थीं। ऐसे मामलों में समय के साथ परिवारों की चिंता कई गुना बढ़ जाती है। उन्हें हर पल किसी अनहोनी की आशंका सताती रहती है। ऐसे में पुलिस द्वारा इन लोगों को सुरक्षित ढूंढ़ निकालना निश्चित रूप से सराहनीय कार्य है। गुजरात पुलिस ने केवल औपचारिक जांच तक स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि पुराने और लंबित मामलों को दोबारा खोलकर नए सिरे से जांच की। आधुनिक तकनीक, मोबाइल फोन विश्लेषण, सोशल मीडिया गतिविधियों की निगरानी, विभिन्न राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों और आश्रय गृहों की जांच जैसे अनेक माध्यमों का उपयोग किया गया। शिकायतकर्ताओं और गवाहों से दोबारा संपर्क कर नए सुराग जुटाए गए। यह दर्शाता है कि यदि इच्छाशक्ति और संवेदनशीलता हो तो वर्षों पुराने मामलों में भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। सूरत पुलिस द्वारा सर्वाधिक 341 गुमशुदा व्यक्तियों का पता लगाना भी इस बात का प्रमाण है कि स्थानीय स्तर पर समर्पित प्रयास किस प्रकार बड़े परिणाम दे सकते हैं। पुलिस और प्रशासन की यह सक्रियता उन परिवारों के लिए राहत का कारण बनी है जो वर्षों से अपने प्रियजनों की प्रतीक्षा में दिन गिन रहे थे। इस अभियान का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इससे समाज के सामने गुमशुदगी के वास्तविक कारण भी उजागर हुए हैं। पुलिस के विश्लेषण में सामने आया कि 14 से 17 वर्ष की आयु वर्ग की अनेक किशोरियां प्रेम संबंधों, पारिवारिक विवादों, अभिभावकों की डांट-फटकार अथवा पढ़ाई में असफलता जैसी परिस्थितियों के कारण घर छोड़कर चली गई थीं। कुछ मामले रोजगार की तलाश में पलायन करने वाले परिवारों से भी जुड़े पाए गए।

यहां एक गंभीर सामाजिक संदेश छिपा हुआ है। जीवन में कठिनाइयां, असफलताएं, पारिवारिक मतभेद या भावनात्मक उलझनें आना स्वाभाविक है। किशोरावस्था में भावनाएं अधिक संवेदनशील होती हैं और कई बार छोटी घटनाएं भी बहुत बड़ी लगने लगती हैं। लेकिन घर छोड़ देना किसी समस्या का समाधान नहीं है। यह निर्णय क्षणिक आवेश में लिया जा सकता है, पर उसके परिणाम बहुत गंभीर होते हैं। कई बार बच्चों और किशोरों को लगता है कि उनके जाने से परिवार को कोई फर्क नहीं पड़ेगा या कुछ दिनों बाद सब सामान्य हो जाएगा। वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत होती है। जिस दिन कोई बच्चा या किशोर घर से लापता होता है, उसी दिन से उसके माता-पिता का चैन और नींद समाप्त हो जाती है। मां की आंखें दरवाजे पर लगी रहती हैं। पिता बाहर से मजबूत दिखने का प्रयास करता है, लेकिन भीतर से टूट चुका होता है। भाई-बहन चिंता और असुरक्षा के बीच जीते हैं। पूरा परिवार हर संभावित स्थान पर तलाश करता है, पुलिस थानों के चक्कर लगाता है और अनिश्चितता के अंधेरे में जीवन बिताता है। गुमशुदगी का दर्द केवल भावनात्मक नहीं होता, बल्कि सामाजिक और आर्थिक रूप से भी परिवारों को प्रभावित करता है। अनेक परिवार अपनी बचत तक खर्च कर देते हैं। कई लोग कामकाज छोड़कर अपने प्रियजन की तलाश में जुट जाते हैं। मानसिक तनाव के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न होने लगती हैं।

आज आवश्यकता इस बात की है कि परिवारों और बच्चों के बीच संवाद को मजबूत बनाया जाए। अभिभावक बच्चों की भावनाओं को समझें और बच्चे अपने माता-पिता पर विश्वास करें। यदि पढ़ाई में असफलता मिली है, किसी बात पर डांट पड़ी है या जीवन में कोई परेशानी आई है, तो उसका समाधान बातचीत से निकाला जा सकता है। परिवार ही वह स्थान है जहां व्यक्ति को सबसे अधिक सुरक्षा, प्रेम और सहयोग मिलता है। ऑपरेशन मिलाप की सफलता केवल आंकड़ों में नहीं मापी जा सकती। इसकी वास्तविक सफलता उन हजारों मुस्कानों में दिखाई देती है जो बिछड़ने के बाद फिर से लौट आईं। उन माताओं की आंखों में दिखाई देती है जिन्होंने वर्षों बाद अपने बच्चों को गले लगाया। उन परिवारों की खुशी में दिखाई देती है जिनकी उम्मीदें लगभग समाप्त हो चुकी थीं। यह अभियान यह भी सिद्ध करता है कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने वाली संस्था नहीं है, बल्कि समाज के दुख-दर्द में सहभागी बनने वाली संवेदनशील व्यवस्था भी है।

जब पुलिस किसी गुमशुदा व्यक्ति को उसके परिवार तक पहुंचाती है, तब वह केवल एक केस बंद नहीं करती बल्कि एक टूटे हुए परिवार को फिर से जोड़ती है।

ऑपरेशन मिलाप ने हजारों परिवारों को नई जिंदगी दी है। यह अभियान मानवता, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## दिल्ली के जगतपुरी में गरजा एमसीडी का बुलडोजर

नई दिल्ली 14 जून (निस) दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने पूर्वी दिल्ली के जगतपुरी इलाके में अनधिकृत निर्माणों और अतिक्रमणों के खिलाफ बड़ा डेमोलिशन अभियान शुरू कर दिया है। निगम की टीम ने सुबह से ही क्षेत्र में बुलडोजर चलाकर अवैध ढांचों को गिराना शुरू किया। इस कार्रवाई में कई दुकानें, मकान के अतिरिक्त हिस्से और सड़क पर कब्जे वाले अतिक्रमण ध्वस्त कर दिए गए। एमसीडी अधिकारियों ने बताया कि यह ड्राइव अदालती निर्देशों और नगर निगम नियमों के अनुपालन में किया जा रहा है। स्थानीय लोगों में इस कार्रवाई को लेकर मिश्रित प्रतिक्रियाएं देखी जा रही हैं। कुछ लोगों ने इसे जरूरी सफाई अभियान बताया तो वहीं प्रभावित दुकानदारों और निवासियों ने नोटिस न मिलने का आरोप लगाया। एमसीडी ने स्पष्ट किया कि अवैध निर्माणों पर पहले भी नोटिस जारी किए गए थे और अब सख्ती से नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान जारी है और अगले कुछ दिनों में और भी क्षेत्रों में इसे विस्तार देने की तैयारी है।

## सीबीएसई सत्यापन पोर्टल फिर से खोलने पर तत्काल निर्देश जारी करने से दिल्ली हाई कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली 14 जून (निस) 12वीं कक्षा के छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) का सत्यापन पोर्टल फिर से खोलने के संबंध में कोई भी तत्काल निर्देश जारी करने से दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को इनकार कर दिया। सीबीएसई द्वारा शुरू किए गए ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) व्यवस्था में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों और कमियों के खिलाफ एनएसयूआइ की याचिका पर न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा व न्यायमूर्ति मधु जैन की अवकाश पीठ ने कहा कि अगर यह मांग मान ली गई तो छात्रों के अंतिम परिणाम में देरी होगी। साथ ही पीठ ने यह भी कहा कि इस संबंध में छात्र व्यक्तिगत रूप से सीबीएसई से संपर्क करें। अदालत ने उक्त आदेश तब दिया जब सीबीएसई की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने कोर्ट में कहा कि ऐसा निर्देश जारी करने से परीक्षा में शामिल होने वाले 17.8 लाख छात्रों पर असर पड़ेगा, क्योंकि उनके नतीजे में देरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि छात्रों के अंडरग्रेजुएट एडमिशन में रुकावट आ सकती है।

## दिल्ली इस दिन बंद रहेंगे पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड केंद्र

नई दिल्ली 14 जून (निस) राजधानी दिल्ली परिवहन निगम ( डीटीसी ) ने एनसीएमसी पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड वितरण केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों को हर सोमवार को साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला किया है। यह व्यवस्था 15 जून से लागू होगी। विभाग के इस पहल की वजह से अब सोमवार को पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड केंद्र बंद रहेंगे। डीटीसी द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार, दिल्ली सरकार की पिंक सहेली योजना के तहत महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा सुविधा देने के लिए एनसीएमसी स्मार्ट कार्ड वितरण अभियान 3 मार्च 2026 से शुरू किया गया था। शुरुआत में करीब 50 केंद्रों से शुरू हुई यह व्यवस्था बढ़कर 70 से अधिक केंद्रों तक पहुंच गई। अब तक 10 लाख से अधिक पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड जारी किए जा चुके हैं। पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड में सफर करने वाली महिला का पूरा डाटा उपलब्ध होगा, जो आधार से लिंक होगा। इस पर एक क्यूआरकोड होगा, जिसे स्कैन कर वह डीटीसी बसों में मुफ्त में सफर कर पाएंगी। महिलाएं जितनी बार सफर करेंगी, उतनी ट्रिप इसमें एड होती जाएंगी। हालांकि, दिल्ली की महिलाओं के लिए यह अनलिमिटेड है। कार्ड बनवाने के लिए दिल्ली का निवासी होना अनिवार्य है। इसके लिए आपको दिल्ली के पते का प्रमाण पत्र (जैसे- दिल्ली का वोटर आईडी, आधार कार्ड) दिखाना होगा।

## निजामुद्दीन स्टेशन पर होने जा बड़ा बदलाव

नई दिल्ली 14 जून (निस) हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन को आधुनिक बनाने की दिशा में एक और कदम उठाया गया है। स्टेशन के सराय काले खां की ओर मौजूद एंट्री गेट के रीडिवेलपमेंट का काम शुरू हो गया है। इसकी वजह से सराय काले खां की ओर से स्टेशन में सड़क मार्ग द्वारा एंट्री अस्थायी रूप से बंद कर दी है। यात्रियों की एंट्री अब नमो भारत के नए फुट ओवरब्रिज से होगी। नॉर्दन रेलवे ने इसकी जानकारी दी है। सराय काले खां की तरफ रीडिवेलपमेंट का काम शुरू हो गया है। इसमें नई सीढ़ी, एस्केलेटर, लिफ्ट का निर्माण, बुकिंग कार्यालय का पुनर्निर्माण, टॉयलेट्स और एफओबी-2 के डेक स्लैब का विस्तार शामिल है। रेलवे के अनुसार, यात्रियों की सुरक्षा के हित को देखते हुए सराय काले खां की ओर स्थित रेलवे स्टेशन का मौजूदा प्रवेश/निकास द्वार तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए नमो भारत ट्रेन के फुटओवर ब्रिज को हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के फुटओवर ब्रिज से जोड़ दिया गया है। इस नए हाई-टेक ब्रिज के शुरू होने से यात्री अब बिना किसी परेशानी के सीधे सराय काले खां स्थित नमो भारत स्टेशन के गेट नंबर 1 और 2 से मात्र 5 मिनट पैदल चलकर निजामुद्दीन स्टेशन पहुंच सकते हैं। हाल ही में खोला गया यह क्रॉस-बोर्ड (एफओबी) लगभग 300 मीटर लंबा है और रेलवे स्टेशन को सराय काले खान स्थित नमो भारत स्टेशन से सीधे जोड़ता है। इसके चलते यात्रियों को अब ट्रेन बदलने के लिए व्यस्त सड़क पर बाहर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## दिल्ली के जयपुर पोलो ग्राउंड पर अब केंद्र सरकार का कब्जा

नई दिल्ली 14 जून (निस) केंद्र सरकार ने दिल्ली के रेस कोर्स इलाके में मौजूद जयपुर पोलो ग्राउंड का कब्जा ले लिया है। लैंड एंड डेवलपमेंट ऑफिस के अधिकारियों ने वहां एक नोटिस लगाया है, जिसमें जमीन को सरकारी संपत्ति बताया गया है। यहां किसी भी तरह के अनधिकृत कब्जे या गतिविधि के खिलाफ चेतावनी दी गई है। हाल ही में इंडियन पोलो एसोसिएशन के खिलाफ बेदखली के आदेश पर रोक लगाने से दिल्ली की एक अदालत ने इनकार कर दिया था। इसी फैसले के एक दिन बाद, केंद्र सरकार ने दिल्ली के रेस कोर्स इलाके में जयपुर पोलो ग्राउंड का कब्जा ले लिया है। केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के अधीन भूमि और विकास कार्यालय (एलएंडडीओ) के अधिकारियों ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के रेस कोर्स क्षेत्र स्थित 15.20 एकड़ के जयपुर पोलो ग्राउंड का कब्जा ले लिया। यह कार्रवाई 20 मई को जारी किए गए बेदखली आदेश के बाद की गई है, जिसके तहत एलएंडडीओ ने इस भूमि पर कब्जा मांगा था।

# परिवार बनकर कर रहे थे गांजा तस्करी, धमतरी पुलिस ने 14 लाख की खेप के साथ तीन तस्करों को दबोचा

धमतरी 14 जून (निस) मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत धमतरी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सिहावा थाना पुलिस ने परिवार का रूप धारण कर अंतर्राज्यीय स्तर पर गांजा तस्करी कर रहे गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 18 किलो 626 ग्राम गांजा, एक कार और मोबाइल फोन सहित करीब 14 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है। कार्रवाई में दो पुरुषों और एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। वहीं पुलिस अभिरक्षा से फरार हुए एक आरोपी को भी कुछ ही घंटों में दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान सिहावा पुलिस को सूचना मिली थी कि ओडिशा के बोलांगीर-भवानीपटना क्षेत्र से महाराष्ट्र की ओर एक सफेद रंग की कार में गांजा की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने ग्राम सांकरा फॉरेस्ट नाका के पास घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोक लिया। तलाशी के दौरान कार में दो पुरुष, एक महिला और दो बच्चे सवार मिले। प्रारंभिक तौर पर यह एक सामान्य पारिवारिक यात्रा प्रतीत हो रही थी, लेकिन जब पुलिस ने वाहन की गहन जांच की तो डिक्की से भूरे रंग के सेलो टेप में पैक 18 पैकेट बरामद हुए। जांच में इन पैकेटों से कुल 18.626 किलोग्राम गांजा मिला। पुलिस ने आरोपियों से गांजा परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे, लेकिन वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद गांजा, कार और तीन मोबाइल फोन जब्त कर आरोपियों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि गांजा ओडिशा से खरीदकर महाराष्ट्र में बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नागपुर निवासी प्रवीण रविन्द्र दुबे (34), सोनू प्रवीण खैरकार (29) और पलाश गजभिए (32) के रूप में हुई है। तीनों के खिलाफ थाना सिहावा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई के दौरान एक और नाटकीय घटनाक्रम सामने आया। चिकित्सीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी ले जाए जाने के दौरान आरोपी पलाश गजभिए हथकड़ी ढीली कर पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। घटना के बाद जिलेभर में हाई अलर्ट जारी कर विशेष टीमों को सक्रिय किया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई, नाकाबंदी और मुखबिर तंत्र की मदद से फरार आरोपी को उसी दिन शाम तक दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। धमतरी पुलिस के अनुसार, पिछले छह सप्ताह के भीतर गांजा तस्करी के खिलाफ सात बड़ी कार्रवाई की जा चुकी हैं। पुलिस का दावा है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार निगरानी, तकनीकी विश्लेषण और सक्रिय अभियान के माध्यम से अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। मामले में अन्य तस्करों और पूरे नेटवर्क की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

**मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित** - मध्यप्रदेश मत्स्योद्योग नदीय मत्स्योद्योग नियम, 1972 के प्रावधानों के अंतर्गत मत्स्य प्रजनन काल को संरक्षण प्रदान करने हेतु जिले की समस्त नदियों एवं जलाशयों में 16 जून 2026 से 15 अगस्त 2026 तक मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन तथा क्रय-विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर जिला दतिया द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार मत्स्य प्रजनन काल के दौरान प्राकृतिक जल स्त्रोतों में मछलियों के संरक्षण एवं संवर्धन को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंध लागू किया गया है। शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण तालाबों अथवा अन्य ऐसे जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी से नहीं है तथा जिन्हें अधिसूचित जल की परिभाषा में शामिल नहीं किया गया है, उन्हें छो?कर जिले की सभी नदियों एवं जलाशयों में उक्त अवधि के दौरान मत्स्याखेट कार्य प्रतिबंधित रहेगा।

# मंडवा ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल का आयोजन, ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर किया गया निस्तारण

फतेहपुर 14 जून (निस) उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में रात्रि चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत मंडवा ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं तथा विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में ऐराया ब्लॉक प्रमुख कुंवर अनुज प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत अधिकारी बिपिन कुमार तिवारी द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार सिंह के निर्देशन में किया गया। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अर्पण अग्रवाल, एडीओ आईएसबी उदयभान सिंह, कृषि विभाग के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सियापति देवी एवं प्रधान प्रतिनिधि सुग्रीव यादव जी के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, आशा बहुएं, ग्राम पंचायत सदस्य, एनआरएलएम से जुड़े प्रतिनिधि उमेश गुप्ता तथा सैकड़ों ग्रामीणों ने सहभागिता की। चौपाल के दौरान मुख्य अतिथि कुंवर अनुज प्रताप सिंह ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी एवं कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए ग्रामीणों से इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। वहीं ग्राम प्रधान सियापति देवी ने पंचायत के विकास कार्यों में जनसहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। ग्राम पंचायत अधिकारी विपिन कुमार तिवारी ने पंचायत की पिछली बैठकों एवं कार्यवाहियों का विवरण प्रस्तुत करते हुए बीते पांच वर्षों में कराए गए विकास कार्यों, प्राप्त शिकायतों के निस्तारण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए पात्र लाभार्थियों की जानकारी ग्रामीणों के समक्ष रखी। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने नाली, खड़ंजा एवं अन्य विकास कार्यों की मांग उठाई। इस पर ग्राम पंचायत अधिकारी ने आश्वासन दिया कि नियमानुसार प्रस्ताव तैयार कर अधूरे विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाएगा। रात्रि चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रभावी पहल की गई, जिसकी ग्रामीणों ने सराहना की।

निवेशकों से करोड़ों की ठगी का आरोप-जिले में चिटफंड कंपनियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। करोड़ों रुपये की ठगी के मामले में पीएसीएल कंपनी के दो और डायरेक्टरों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को कवर्धा जिला जेल से प्रोडक्शन वारंट पर सूरजपुर लाकर पूछताछ की गई, जिसके बाद उन्हें मामले में विधिवत गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने निवेशकों को रकम दोगुनी करने का लालच देकर बड़ी संख्या में लोगों से निवेश कराया था। हालांकि परिपक्वता अवधि पूरी होने के बाद भी निवेशकों को उनकी राशि वापस नहीं मिली, जिससे हजारों लोग ठगी का शिकार हुए। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले में चिटफंड कंपनियों से जुड़े लंबित मामलों की जांच में तेजी लाई जा रही है। इसी क्रम में जांच के दौरान पता चला कि पीएसीएल कंपनी के डायरेक्टर गुरजंट सिंह गिल उर्फ गुरजन सिंह और गुरनाम सिंह वर्तमान में कवर्धा जिला जेल में बंद हैं। इसके बाद न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर दोनों को सूरजपुर लाया गया।

# अमानक प्लास्टिक के खिलाफ निगम की कार्रवाई, 350 किलो सामग्री जब्त

बिलासपुर 14 जून (निस) नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर व्यापार विहार क्षेत्र में अमानक स्तर की प्लास्टिक सामग्री के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत अतिक्रमण टीम, पर्यावरण टीम एवं स्वच्छता पेट्रोलिंग टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित एवं अमानक प्लास्टिक सामग्री रखने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की। कार्रवाई का निरीक्षण उपायुक्त अंकुर पांडेय एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रवेश कश्यप द्वारा किया गया। जांच के दौरान व्यापार विहार स्थित अमर ट्रेडर्स, नानक ट्रेडर्स एवं गणेश ट्रेडर्स में बड़ी मात्रा में अमानक स्तर की प्लास्टिक कैरीबैग और डिस्पोजल सामग्री पाई गई। निगम की टीम ने तीनों दुकानों से लगभग 350 किलोग्राम प्लास्टिक सामग्री जब्त कर ली।

तीन दुकानों पर लगाया गया अर्थदंड-नगर निगम की टीम ने कार्रवाई के दौरान संबंधित दुकानदारों पर कुल 13 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अधिकारियों ने दुकानदारों को भविष्य में प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री का भंडारण एवं बिक्री नहीं करने की चेतावनी दी।

पर्यावरण संरक्षण के लिए जारी रहेगा अभियान-नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सिंगल-यूज़ एवं अमानक प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। अधिकारियों ने व्यापारियों से शासन के नियमों का पालन करने और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने की अपील की है। निगम का कहना है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण और स्वच्छता व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, इसलिए नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**मुक्तिधाम के पास अवैध चकना दुकानों पर कार्रवाई, संचालन कराया गया बंद**

दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम के पास अवैध रूप से कब्जा कर संचालित की जा रही चकना दुकानों पर कार्रवाई करते हुए उनका संचालन बंद करा दिया गया। निगम प्रशासन की पहल पर की गई इस कार्रवाई के दौरान मुक्तिधाम परिसर के आसपास किए गए अतिक्रमण को हटाया गया और संबंधित लोगों को भविष्य में दोबारा कब्जा नहीं करने की चेतावनी दी गई। जानकारी के अनुसार ममता कुशवाहा पति अशोक कुशवाहा, सुनती वर्मा, पवन सोनी, राकेश मौर्या तथा पिंटू बल द्वारा मुक्तिधाम के समीप अवैध रूप से कब्जा कर चकना दुकानों का संचालन किया जा रहा था। लंबे समय से संचालित इन दुकानों को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा शिकायत भी की जा रही थी। शिकायतों के बाद मौके पर पहुंची टीम ने स्थिति का निरीक्षण किया और कार्रवाई करते हुए दुकानों का संचालन बंद करा दिया।

# डीईओ रामेश्वर जायसवाल ने संभाला पदभार, नियुक्ति को बताया अनुभव व कार्यक्षमता का सम्मान

बिलासपुर 14 जून (निस) स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा रामेश्वर जायसवाल को जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) बिलासपुर का प्रभार सौंपे जाने के बाद छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन एवं प्राचार्य मंच के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में प्राचार्यों ने उन्हें बुके भेंट कर मिठाई खिलाई। संघ के सदस्यों ने कहा कि रामेश्वर जायसवाल को शिक्षा विभाग में 31 वर्षों का प्रशासनिक एवं शैक्षणिक अनुभव है। उन्होंने व्याख्याता से लेकर प्राचार्य तक विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है और कोरबा तथा बिलासपुर में महत्वपूर्ण दायित्व संभाल चुके हैं। उनका मानना है कि डीईओ का पद केवल वरिष्ठता नहीं, बल्कि कार्यक्षमता, प्रशासनिक अनुभव और नेतृत्व क्षमता की भी मांग करता है। कार्यक्षमता और अनुभव को बताया नियुक्ति का आधार-शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि विभाग ने नियमों के अनुरूप निर्णय लेते हुए योग्य अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा व्यक्तिगत कारणों से विरोध किया जा रहा है, जबकि विभाग में हाल ही में बड़ी संख्या में नए प्राचार्यों को विभिन्न प्रशासनिक जिम्मेदारियां दी गई हैं। डीईओ बनने पर प्राचार्यों ने जताई खुशी-इस दौरान संघ के संजय शर्मा, मनोज सनाड्य, अनिल साहू, तोषण गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता, रामगोपाल साहू, शैलेष चौबे, संगीता पाण्डेय, विनीता सिन्हा, चिंता राम कश्यप, आर.के. डहरिया, प्रीति श्रीवास्तव, निवेदिता सरकार और पवन पटेल सहित कई प्राचार्य उपस्थित रहे। सभी ने रामेश्वर जायसवाल को नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने की उम्मीद जताई। **16 हजार से अधिक लोगों ने ली सुरक्षा शपथ**-दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय समपार जागरूकता सप्ताह-2026 का सफल समापन हो गया। एक परिवार- एक संकल्प थीम पर आधारित इस सात दिवसीय अभियान के माध्यम से समपार फाटकों और रेलवे ट्रैक के आसपास सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। अभियान का संचालन मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन के निर्देशन और वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन के नेतृत्व में किया गया।

## चांदनी चौक में अतिक्रमण और अवैध पार्किंग पर एमसीडी नेता सख्त

नई दिल्ली 14 जून (निस) दिल्ली में एमसीडी के नेता सदन जयभगवान यादव ने चांदनी चौक में अतिक्रमण, अवैध पार्किंग, सफाई व्यवस्था व विभिन्न समस्याओं का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। वह स्थानीय पार्षद सुमन गुप्ता और निगम अधिकारियों की उपस्थिति में क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़कों व फुटपाथों पर अवैध रूप से लगाए गए रेहड़ी-पटरी व दुकानों के कारण उत्पन्न अतिक्रमण पर गहरी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान यादव ने अधिकारियों को निर्धारित सीमा से बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाने और समुचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क व फुटपाथ जनसुविधा के लिए हैं, उन्हें अतिक्रमण व अवैध पार्किंग से मुक्त रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

## चरित्र पर शक का खौफनाक अंजाम, हैवान बने पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

नई दिल्ली 14 जून (निस) फरुखनगर में शनिवार सुबह एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की सिर में हथौड़े मारकर हत्या कर दी। मृत महिला की पहचान कैथल की रहने वाली 35 वर्षीय पूजा के रूप में की गई। बताया जाता है कि उसकी शादी 13 साल पहले नायब नाम के व्यक्ति से हुई थी। परिवार फरुखनगर में रहता है। पति नायब इलाके में ईंट सप्लाई का काम करता है। दंपती का 10 वर्षीय बेटा है। पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि नायब ने हथौड़े से पूजा के सिर पर वार कर दिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पति को पत्नी के चरित्र पर संदेह था, जिसके चलते दोनों के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। पति को हिरासत में लिया गया है।

## पार्किंग में नकाबपोश महिला ने लगाई थी आग

नई दिल्ली 14 जून (निस) राजधानी के तुगलकाबाद एक्सटेंशन की लेन नंबर 1 में स्थित एक पार्किंग में आग लगने की घटना को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है। एक नकाबपोश महिला ने पार्किंग एरिया में आग लगाई थी। यह पूरी चौंकाने वाली घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। फुटेज के अनुसार, महिला को रात 2:23 बजे परिसर में घुसते हुए देखा गया। इसके कुछ ही देर बाद तेज लपटें उठने लगीं और आरोपी नकाबपोश महिला मौके से भाग गई। गौरतलब है कि पिछले शुक्रवार को दक्षिण-पूर्व दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में भी इसी तरह की एक दुखद घटना हुई थी। तुगलकाबाद एक्सटेंशन में पांच मंजिला इमारत में लगी भीषण आग के कारण दम घुटने और झुलसने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई थी।

## नीति आयोग में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रखी विकसित दिल्ली की रूपरेखा केंद्र सरकार से मांगा सहयोग

नई दिल्ली 14 जून (निस) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में दिल्ली की भूमिका को लेकर अपना विजन रखा। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश के परिवर्तन को गति देने वाला एक सशक्त इंजन बनकर उभरी है। उन्होंने दिल्ली सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं का विस्तृत विवरण देश के सामने रखा। बताया कि उनकी सरकार राजधानी को विकसित दिल्ली बनाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने इसे और तेजी देने के लिए केंद्र सरकार से आर्थिक सहयोग बढ़ाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के सामने महत्वपूर्ण प्रशासनिक और वित्तीय मांगें भी रखीं। वर्ष 2025 से दिल्ली सरकार का पब्लिक अकाउंट अलग हो गया है। पहले दिल्ली सरकार के विभागों और उपराज्यपाल कार्यालय से जुड़े कुछ फंड एक ही सामान्य खाते में होते थे।

## दिल्ली के गफ्फार मार्केट से चोरी के मोबाइल अनलॉक कर बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़

नई दिल्ली 14 जून (निस) पूर्वी जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने चोरी के मोबाइल फोन खरीदकर उन्हें अनलॉक कर दोबारा बेचने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान करोल बाग स्थित गफ्फार मार्केट से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से 45 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 22 मोबाइल फोन बॉडी, एक लैपटॉप और मोबाइल की सुरक्षा प्रणाली को बायपास करने वाला चीनी एमपीटी टूल बरामद किया है। डीसीपी पूर्वी दिल्ली राजीव कुमार के अनुसार मोबाइल चोरी के मामलों की जांच के दौरान सूचना मिली थी कि गफ्फार मार्केट में कुछ लोग चोरी के मोबाइल खरीदकर विशेष सॉफ्टवेयर की मदद से उनके लॉक और सुरक्षा फीचर हटाकर दोबारा बाजार में बेच रहे हैं। सूचना के आधार पर स्पेशल स्टाफ की टीम ने करोल बाग के बीडन पुरा स्थित केजीएन सॉफ्टवेयर एंड मोबाइल रिपेयरिंग इंस्टीट्यूट पर छापा मारा।

## दिल्ली में अब बाधित नहीं होगी बिजली-पानी की सप्लाई

नई दिल्ली 14 जून (निस) नालों व सड़कों के निर्माण के समय अब बिजली-पानी की आपूर्ति बाधित नहीं होगी । अक्सर एजेंसियों के बीच तालमेल नहीं होने के कारण निर्माण कार्य के समय पाइपलाइन व अन्य नेटवर्क के क्षतिग्रस्त होने से आवश्यक सेवा बाधित हो जाती है। इसके समाधान के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सार्वजनिक उपयोगिता सेवा को स्थानांतरित करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी किया है। इसका उद्देश्य आवश्यक सेवा में कोई रुकावट न आने देना और सरकारी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखना है ताकि परियोजना में होने वाली देरी को कम करना है। इन दिशा निर्देश के नाले व सड़क परियोजना के प्लानिंग के चरण से ही इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड, बीएसईएस, दिल्ली जल बोर्ड जैसी एजेंसियों को बैठकों में शामिल किया जाना जरूरी होगा। यहां बता दें दिल्ली में सड़कों की नई परियोजनाओं का काम समय समय पर चलता रहता है। जलभराव की समस्या को देखते हुए बड़े स्तर पर नालों का निर्माण कार्य भी चल रहा है और कई पर शुरू होने वाला है। अधिकतर मामलों में समस्या बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने वाली विभिन्न एजेंसियों की लाइन आ जाने को लेकर है। कहीं जल बोर्ड की लाइन आ रही है तो कहीं बिजली की लाइन गुजर रही है।

## वियतनाम में सिल्वर मैडल जीतने वाले गुरवंश सिंह अरोड़ा का सुभाष कलसाना ने किया सम्मान

**शाहाबाद मारकंडा, 14 जून ( रूबी ):** वियतनाम के दा नांग में आयोजित सीनियर, अंडर-15, अंडर-17 और अंडर-20 एशियन एवं ओशिनिया एमेच्योर एम.एम.ए. और पैंक्रेशन चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए शाहाबाद के खिलाड़ी गुरवंश सिंह अरोड़ा ने



अंडर-20 ब्वॉज के -84 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मैडल जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया। अंतर्राष्ट्रीय रिंग में विदेशी फाइटर्स को कड़ी चुनौती देते हुए गुरवंश ने पोडियम पर तिरंगा लहराया। प्रतियोगिता में मिली इस उपलब्धि के बाद गुरवंश सिंह अरोड़ा ने अपने अंतर्राष्ट्रीय कोच अमित धारीवाल के साथ हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष कलसाना से उनके कार्यालय पर मिले। भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने गुरवंश सिंह अरोड़ा को सिल्वर मैडल जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश के युवा खिलाड़ी खेलों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरवंश की यह उपलब्धि अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत है। कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के बल पर ही खिलाड़ी अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करते हैं। सुभाष ने अंतर्राष्ट्रीय कोच अमित धारीवाल की सराहना करते हुए कहा कि शाहाबाद मारकंडा स्थित धारीवाल स्पोर्ट्स अकादमी खेल प्रतिभाओं को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उनके मार्गदर्शन में कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे कोच और बेहतर प्रशिक्षण व्यवस्था खिलाड़ियों की सफलता में अहम योगदान देते हैं। गुरवंश सिंह अरोड़ा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, कोच अमित धारीवाल को दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में और अधिक मेहनत कर अंर्तराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने का प्रयास करेंगे। कोच अमित धारीवाल ने कहा कि गुरवंश ने प्रतियोगिता के दौरान बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और सिल्वर मैडल जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। इस दौरान चेयरमैन सुभाष कलसाना ने गुरवंश सिंह अरोड़ा को उज्ज्वल की कामना करते हुए कहा कि सरकार भी खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

## कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के जन्मदिवस पर पटेल नगर में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित

**- कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई कर किया रक्तदान के लिए प्रेरित**

**हिसार, 14 जून ( ब्यूरो ) :** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर तथा हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के जन्मदिवस



के उपलक्ष्य में रविवार को पटेल नगर कम्युनिटी सेंटर में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर वार्ड-16 आरडब्ल्यूए द्वारा पार्षद राजेंद्र बिड़लान की अध्यक्षता एवं उनकी टीम के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदाताओं एवं आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, क्योंकि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम बन सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि रक्तदान न केवल समाज के लिए उपयोगी है, बल्कि इससे रक्तदाता के स्वास्थ्य को भी लाभ मिलता है। नियमित रक्तदान से हृदय रोगों का खतरा कम होता है तथा शरीर में नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है। कैबिनेट मंत्री ने शिविर में उपस्थित रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ही रक्त की आवश्यकता को पूरा किया जा सकता है और किसी भी मरीज को रक्त के अभाव में परेशानी नहीं होने दी जा सकती। रक्तदान शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में रक्त बैंक की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। दोपहर तक कुल 51 रक्तदाता रक्तदान कर चुके थे और रक्तदान का सिलसिला लगातार जारी रहा। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं रिफ्रेशमेंट प्रदान कर उनका आभार व्यक्त किया गया। आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को और अधिक मजबूत किया जा सके। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आशा खेदड़, नगर निगम हिसार के महापौर प्रवीण पोपली, सफाई आयोग के चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाटा, सफाई आयोग के वाइस चेयरमैन भारत टांक, सफाई आयोग के सदस्य चंद्र प्रकाश बोस्ती, नगर परिषद सिरसा के चेयरमैन शांति स्वरूप, कृष्ण सरसाना, संजीव रेवड़ी, सुरेंद्र बिड़लान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन मैदान 2.0 के तहत नशा तस्करों पर प्रहार लगातार जारी

**यमुनानगर, 14 जून ( दिनेश कुमार ):** डीएसपी रजत गुलिया ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि पुलिस महानिरीक्षक अंबाला मंडल पंकज नैन के निर्देशानुसार और यमुनानगर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में जिला पुलिस ऑपरेशन मैदान 2.0 को सफल बनाने के लिए नशा तस्करों पर लगातार प्रहार कर रही है। और समय-समय पर उन लोगों घरों को चिन्हित कर दबीश भी दे रही है, जो पहले से नशे का काम करते थे। उन्होंने बताया कि इसी अभियान के तहत जिला पुलिस यमुनानगर ने कल एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के




तहत जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने अलग-अलग स्थान से भारी मात्रा में नशीले पदार्थों को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसी कड़ी में कार्य करते हुए एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने प्रतिबंधित दवाइयां का जखीरा पकड़ा हैं। पकड़े गए आरोपों की एक महीने पहले ही जमानत हुई और फिर से एंटी नाकोटिक सेल की टीम ने प्रतिबंधित दवाइयां के साथ दबोच लिया। आरोपी से प्रतिबंधित दवाइयां भी मिली है आरोपी के खिलाफ के केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर लिया है। डीएसपी ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल की टीम के इंचार्ज अनिल कुमार की टीम को गुप्त सूचना मिली कि हमीदा हेड से पांजुपुर नहर पुल के बीच नहर की पटरी पर एक युवक प्रतिबंधित दवाइयां लेकर घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक आशीष, एएसआई राजिंदर, जसबीर सिंह, पंकज, सुल्तान की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया और मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ को बुलाया गया। जिसके सामने युवक की तलाश ली तो उसके पास से प्रतिबंधित दवाइयां मिलीं। मौके पर ड्रग कंट्रोलर डॉक्टर बिंदु धीमान से पकड़ी गई दवाइयां की जांच करवाई गई तो सामने आया युवक से जो दवाइयां पकड़ी गई है वह अल्पलजोलम की 435 गोलियां है। जिनके लाने ले जाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है आरोपी कोई कागजात भी पेश नहीं कर सका पूछताछ में आरोपी की पहचान हमीदा की आनंद कॉलोनी निवासी कमल पुत्र जनक राज के नाम से हुई। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया और उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी कमल पर पहले भी नशा तस्करी के दो मामले दर्ज है। आरोपी को एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने जनवरी माह में प्रतिबंधित दवाइयां के साथ ही पड़ा था और एक महीने पहले ही वह जमानत पर बाहर आया आते ही फिर से उसने प्रतिबंधित दवाइयां की तस्करी का काम शुरू कर दिया। डीएसपी रजत गुलिया ने बताया कि इसके अतिरिक्त थाना सदर जगाधरी की पुलिस टीम ने गांव मैहलावाली निवासी धर्मेंद्र उर्फ बंटी पुत्र राजेश कुमार को 128 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस चौकी रामपुरा की पुलिस टीम ने आजाद नगर निवासी जसप्रीत सिंह उर्फ मोनू पुत्र हरपाल सिंह को 9.71 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। थाना सदर यमुनानगर की पुलिस टीम ने तीर्थ नगर की टपरी निवासी अमन पुत्र राजबीर को 10.92 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया। डीएसपी ने कहा कि नशा तस्करी में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐसे लोगों की संपत्तियों की भी जांच की जाएगी, जिन्होंने अवैध नशा कारोबार से धन अर्जित कर प्रॉपर्टी बनाई है। जांच में यदि संपत्ति नशा तस्करी से अर्जित आय से खरीदी गई पाई गई, तो कानून के अनुसार उसे जब्त करने समेत संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इस अभियान को गंभीरता से आगे बढ़ा रही है। डीएसपी रजत ने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। उन्होंने थाना प्रभारियों को उन स्थानों पर छापेमारी करने के निर्देश दिए गए हैं जहां नशा बेचने या सेवन करने वाले लोग एकत्रित होते हैं। उन्होंने कहा कि बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों की जांच की जा रही है और नशा तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने एक नशा मुक्ति टीम का गठन भी किया है, जो गांव-गांव जाकर सर्वे कर रही है। टीम ने तीन लोगों की पहचान कर उन्हें सिविल अस्पताल स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया है, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

# लाइब्रेरी ए सी घोटाले की उच्च स्तरीय जांच की मांग, नरवाना एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

*मेरा गांव मेरी लाइब्रेरी का नाम बदलना शिक्षा विरोधी सोच का परिचायक : बिट्टू नैन*

**नरवाना, 14 जून ( नरेन्द्र कुमार ):** जननायक जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को एसडीएम नरवाना को ज्ञापन सौंपकर गांवों की लाइब्रेरियों में लगाए गए एयर कंडीशनरों की खरीद में हुई कथित अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि मेरा गांव मेरी लाइब्रेरी योजना के तहत लगाए गए कई एसी घटिया गुणवत्ता के हैं, जबकि कुछ एसी लगने के कुछ समय बाद ही खराब होकर जल चुके हैं जेजेपी के प्रदेश प्रवक्ता बिट्टू नैन ने कहा कि इस मामले को कई बार समाधान शिविरों एवं अन्य प्रशासनिक मंचों पर उठाया गया, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि नरवाना ब्लॉक के दर्जनों गांवों की लाइब्रेरियों में पुराने और निम्न स्तर के एसी लगाए गए हैं। बिना वारंटी के उपकरण खरीदकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। बिट्टू नैन ने हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी मेरा गांव मेरी लाइब्रेर योजना का नाम बदलने पर भी कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इसका नाम बदलना सरकार की छोटी सोच और राजनीतिक द्वेष की भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में यदि लाइब्रेरियों में एसी काम नहीं करेंगे तो विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। सरकार को शिक्षा और विद्यार्थियों के हितों के साथ खिलवाड़ करने के बजाय समस्याओं का समाधान करना चाहिए।जेजेपी नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई और लाइब्रेरियों में कार्यशील एसी उपलब्ध नहीं कराए गए तो पार्टी व्यापक स्तर पर आंदोलन और विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होगी। इस अवसर पर हल्का प्रभारी ईश्वर नैन, किसान सेल प्रधान तारा चहल, एससी सेल जिला प्रधान शमशेर बद्दोवाल, महिला नेता सीमा बद्दोवाल, बुद्धिजीवी सेल के प्रतिनिधि, हल्का प्रधान संजीव राठी, जगदीश गुरुसर, युवा प्रधान अवतार गुर्थली, प्रवीण चोपड़ा, मेहर सिंह गोयत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर बनाई नई पहचान : प्रवीण लाठर

**करनाल, 14 जून ( मीनाक्षी देवी ):** हरियाणा में भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य




में राज्यव्यापी सेवा का महा-अभियान चलाया हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्षों के शासन काल की उपलब्धियों को लेकर किए जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें करनाल नगर निगम मेयर रेणुबाला सहित सभी भाजपा पार्षद एवं सभी मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे। इस दौरान संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, जनसंपर्क गतिविधियों तथा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने के विषयों पर विस्तृत चर्चा भी की गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित यह 12 वर्षों का कार्यकाल देश के विकास का स्वर्णिम अध्याय साबित हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आने वाले वर्षों में विश्व की अग्रणी शक्तियों में और अधिक मजबूती के साथ अपनी पहचान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 12 वर्षों में निरंतर राष्ट्रसेवा करते हुए देश को विकास के नए आयाम प्रदान किए हैं। सड़क, रेल, हवाई, डिजिटल, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। जितनी गति से विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हुआ है, उसने भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई है।

# गोवर्धन पूजा व छप्पन भोग प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए भाव-विभोर, कथा में उमड़ी श्रद्धा की भीड़

## कथा स्थल पर गूंजे जय श्रीकृष्ण, गिरिराज महाराज की जय और राधे-राधे के जयघोष

**तरावड़ी, 14 जून ( छाया शर्मा ) :** ब्रह्मलीन बाबा बंसी वाले जी महाराज की दिव्य प्रेरणा से गर्ग राइस मिल्स एवं गर्ग फाइन फूड्स द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ पांचवें दिन में प्रवेश कर गई। कथा के पांचवें दिन श्री ब्रज सेवा संस्थान वृंदावन के संस्थापक अध्यक्ष एवं प्रख्यात कथाव्यास आचार्य श्री रविन्द्र कृष्ण जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न दिव्य लीलाओं, गोवर्धन पूजा तथा छप्पन भोग के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा यजमान के रूप में अनिता गर्ग, रमेश गर्ग, नेहा गर्ग, निलेश गर्ग, बृजभूषण गर्ग, मधु गर्ग, घनश्याम दास गर्ग, सरवती देवी गर्ग, राहुल गर्ग, स्वाति गर्ग, सचिन गर्ग, सृष्टि गर्ग, रजत गर्ग एवं आयुषी गर्ग ने पूजन-अर्चन कर कथा का पुण्य लाभ प्राप्त किया। आचार्य रविन्द्र कृष्ण जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं केवल मनोरंजन का विषय नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, प्रेम, सेवा और समर्पण का संदेश देने वाली हैं। उन्होंने कहा कि भगवान ने गोवर्धन पर्वत उठाकर यह संदेश दिया था कि प्रकृति, गौमाता और धर्म की रक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। जो व्यक्ति भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा रखता है, उसके जीवन में आने वाले संकट स्वतः दूर होने लगते हैं। कथा के दौरान गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा स्थल पर जय श्रीकृष्ण, गिरिराज महाराज की जय और राधे-राधे के जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए तथा पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान की भक्ति में लीन होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का उद्देश्य समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करना तथा युवा पीढ़ी को सनातन संस्कृति से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि कथा के माध्यम से लोगों में आध्यात्मिक चेतना का संचार हो रहा है। कथा उपरांत श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं भंडारे की व्यवस्था की गई, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कथा में पहुंचे विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों एवं समाजसेवियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उद्योगपति रमेश गर्ग, घनश्यामदास गर्ग, निलेश गर्ग, राहुल गर्ग, गौरव गर्ग, रजत गर्ग, बृजभूषण गर्ग, महेश सिंगला, संजय सिंगला, सुशील गुप्ता, रमेश गर्ग, त्रिलोकी नाथ सिंगला, सुभाष सिंगला, सचिन गर्ग, मोनी, राजकुमार, इंद्रसैन, धनराज, सुरेश, आशुतोष, कौशल, हेमंत, रवि, नितेश जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सोमवार से बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का करेंगे सत्यापन

**हिसार, 14 जून ( ब्यूरो ) :** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार चलाए जाने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सोमवार यानि 15 जून से बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। हिसार विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम ज्योति मित्तल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सभी बीएलओ को प्रशिक्षण उपरांत रविवार को रिलीव कर दिया गया है, अब ये बीएलओ सोमवार से 14 जुलाई तक घर घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। उन्होंने बताया कि हिसार विधानसभा क्षेत्र में कुल 1 लाख 86 हजार 415 मतदाता हैं, इनमें 97 हज़ार 497 पुरुष, 88 हज़ार 913 महिला तथा 5 थर्ड जेंडर शामिल है। अभी तक कुल मतदाताओं में से 1 लाख 2 हजार 651 मतदाता मैप हो चुके हैं, जबकि 83 हज़ार 764 मतदाताओं की मैपिंग बाकि है। उन्होंने बताया कि जिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है, वहां मतदाताओं की सुविधा के लिए नए मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके तहत हिसार विधानसभा क्षेत्र में 24 नए मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। एसडीएम ज्योति मित्तल ने बताया कि अभी हिसार विधानसभा क्षेत्र में 162 पोलिंग केंद्र है जो बढ़कर 186 हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत 1 जुलाई 2026 को अर्हता तिथि निर्धारित की गई है। मतदान केंद्रों के युक्तिकरण का कार्य 14 जुलाई तक पूरा किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई 2026 को किया जाएगा। इसके बाद 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी तथा 18 सितंबर 2026 तक उनका निपटारा किया जाएगा। एसडीएम ज्योति मित्तल ने कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए सभी राजनीतिक दलों और उनके बीएलए का सहयोग भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण किया जाएगा तथा पात्र मतदाताओं का नाम सुनिश्चित रूप से मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। एसडीएम ज्योति मित्तल ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि अभियान के तहत निर्धारित सभी गतिविधियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाए।

# स्वच्छ भारत के संकल्प को नई ऊर्जा दे रही जनभागीदारी : रेणु बाला गुप्ता

## सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य स्वच्छता अभियान

### सफाई मित्रों का सम्मान कर उनके योगदान को बताया राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव






**करनाल, 14 जून ( संदीप रोहिला ) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में करनाल शहरी मंडल द्वारा हांसी चौक से रघुनाथ मंदिर चौक तक भव्य स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सक्रिय सहभागिता करते हुए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान जनआंदोलन का रूप ले चुका है, जिसमें समाज के हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ करनाल का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझकर इसमें योगदान दे। महापौर ने अभियान के दौरान नगर को स्वच्छ बनाए रखने में दिन-रात जुटे सफाई मित्रों एवं स्वच्छता योद्धाओं का सम्मान करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी केवल स्वच्छता के प्रहरी नहीं, बल्कि समाज के स्वास्थ्य, विकास और खुशहाली के सच्चे आधारस्तंभ हैं। उनका समर्पण और सेवाभाव पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वहीं, विधायक जगमोहन आनंद ने भी नागरिकों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता को केवल एक दिवस तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं, ताकि स्वच्छ भारत के संकल्प को और अधिक मजबूती मिल सके। अभियान में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र, शहरी मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता निशांत शानू शर्मा, पार्षद अमृत लाल जोशी, अमित आहूजा, ललित चौधरी, रजनी प्रोचा, पूजा रानी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने तथा स्वच्छ, स्वस्थ एवं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के स्थापना दिवस समारोह को लेकर बैठक में विचार विमर्श



अमृतसर 14 जून (मधु राजपूत)श्री दुर्गयाना कमेटी के महासचिव श्री अरुण खन्ना ने आज प्रेस को जानकारी देते हुए बताया की 24 जून 2026 को श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य मे होने वाले धार्मिक समागमो के आयोजन की रूप रेखा को अंतिम रूप देने के लिए एक विशेष बैठक हुईं, जिसमे 16 जून से 21 जून तक शहर के भिन्न भिन्न हिस्सों प्रभात फेरियाँ, 14 जून से 22 जून 2026 तक दुर्गयाना मन्दिर के परिसर में स्थित मंदिरों मे नाम जाप होंगे। 16 जून को हनुमान चलिसा के पाठ लक्ष्मी नारायण मन्दिर मे व माता शीतला मन्दिर मे स्वामी अनंतानंद जी द्वारा सर्वे मंगल मांगलेश पाठ – 17 जून को श्री अनिल उप्पल् जी द्वारा बाबा मेहर मन्दिर मे-18 जून को श्री तिलक राज वालिया श्री राम राम पाठ -19 जून को महामंत्र का जाप श्री रवि अरोड़ा द्वारा लक्ष्मी नारायण मन्दिर मे- 20 जून को डॉ पुष्प राज शास्त्री द्वारा शनि एवं नवग्रह जाप शनि मन्दिर मे-21 जून को ओम नमः शिवाये जाप श्री राकेश खन्ना जी द्वारा शिव गंगा मन्दिर मे -22 जून को ओम गण गनपत्ये नमः स्वामी अनंतानंद जी द्वारा होंगे। बैठक मे उपाध्यक्ष सुधीर श्रीधर, सुदर्शन वधवा,मैनेजर अनिल शर्मा, माधव लाल, गुलशन कोहली, संजीव खन्ना, नरेश शर्मा, अनिल उप्पल्, रवि अरोड़ा, दीपक राय मेहरा, विजय खन्ना, विवेक खन्ना, वज़ीर चंद, विधु पूरी, संजय मेहरा शामिल थे।

# 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय योग मैराथन आज

**विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागियों के लिए रखी गई हैं प्रतियोगिताएं, विजेताओं को किया जाएगा सम्मानित**

**सोनीपत, 14 जून ( ब्यूरो ) :** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 15 जून को जिला स्तरीय योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि योग मैराथन का उद्देश्य आमजन को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं निरोगी जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया की मैराथन में मुख्य अतिथि के रूप में सोनीपत विधायक निखिल मदान शिरकत करेंगे व मैराथन को हरी झंडी दिखाकर लघु सचिवालय से रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि योग मैराथन 15 जून को सुबह 06 बजे आयोजित होगी, जिसका शुभारंभ लघु सचिवालय से किया जाएगा। इसके पश्चात प्रतिभागी हैबीटेट क्लब रोड, महलाना रोड, तिरंगा चौक, सुभाष स्टेडियम के सामने से होते हुए छोटूराम चौक के रास्ते पुनः लघु सचिवालय पहुंचेंगे, जहां मैराथन का समापन होगा। उन्होंने बताया कि योग मैराथन में युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए दो आयु वर्ग निर्धारित किए गए हैं। पहली श्रेणी में 40 वर्ष तक के पुरुष एवं महिलाएं तथा दूसरी श्रेणी में 40 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष एवं महिलाएं भाग लेंगी। प्रत्येक श्रेणी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने जिला के युवाओं, महिलाओं, खिलाडियों, सामाजिक संगठनों, सरकारी कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से योग मैराथन में बढ़-चढकर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग मैराथन के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि समाज में फिटनेस और सकारात्मक जीवनशैली को भी बढ़ावा मिलेगा।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सेवा, सुशासन, विकास एवं जनकल्याण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए : जगमोहन आनंद

### लोगों ने विधायक जगमोहन आनंद का गर्म जोशी से किया स्वागत, विधायक ने लोगों की समस्याओं का किया निराकरण

**करनाल, 14 जून ( सोनी दुआ ) :** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि मई 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, तो उन्होंने 140 करोड़ भारतीयों से एक वादा किया। यह केवल सुशासन का वादा नहीं था, यह सकारात्मक परिवर्तन का वादा था। आज, बारह वर्ष बाद, हम आपके सामने श्रेय लेने नहीं आए हैं। हम एक ऐसी रिपोर्ट कार्ड लेकर आए हैं, जो इस देश की जनता ने लिखी है। उन्होंने कहा कि 2014 से अब तक 25 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकल चुके हैं। बहुआयामी गरीबी 29 प्रतिशत से घटाकर 11 प्रतिशत पर आ गई है। केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्ष के कार्यकाल के दौरान आमजन के कल्याणार्थ अनेक योजनाएं शुरू की हैं। जिनका सीधा लाभ देश व प्रदेश के पात्र लोगों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंच रहा है। वहीं हरियाणा सरकार द्वारा भी आमजन के जीवन को आसान बनाने के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। विधायक जगमोहन आनंद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज रामनगर मंडल




अंतर्गत बालाजी नगर रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। लोगों ने विधायक जगमोहन आनंद का गर्मजोशी से स्वागत किया और विधायक ने लोगों की समस्याओं का निराकरण किया। विधायक ने इस दौरान स्थानीय नागरिकों से आत्मीय संवाद कर केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों में हुए जनकल्याणकारी कार्यों, विकास परियोजनाओं एवं गरीब कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की तथा उनके सुझाव एवं विचार भी सुने। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सेवा, सुशासन, विकास एवं जनकल्याण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इन 12 वर्षों में गरीब, किसान, युवा, महिला एवं समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान हेतु अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं, जिनका लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में देश की बागडोर संभाली, तब भारत को अपार संभावनाओं वाले राष्ट्र के रूप में देखा जाता था। आज भारत अपनी उपलब्धियों और परिणामों के दम पर पहचाना जाता है। नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के शासन काल में विकास की अपेक्षाओं को वास्तविक उपलब्धियों में बदलने, कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को नई मजबूती देने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की 12 साल की उपलब्धियों के आँकड़े केवल संख्याएँ नहीं हैं। इनके पीछे करोड़ों भारतीयों के जीवन में आया बदलाव है। ये उन परिवारों की कहानी है जिन्हें बेहतर जीवन सुविधाएं मिली हैं। ये उन माताओं का विश्वास हैं जिन्हें सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हुई हैं। ये उन किसानों की मेहनत का प्रतिफल हैं जिनकी आय और अवसरों में वृद्धि हुई है और ये उन सैनिकों के आत्मविश्वास का प्रतीक हैं जो जानते हैं कि राष्ट्र उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए हर कदम पर उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि इन 12 वर्षों में जहां देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है, वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश निरंतर प्रगति और खुशहाली के पथ पर आगे बढ़ रहा है और मॉडल राज्य के रूप में विकसित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने में हरियाणा प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जब सम्मानजनक जीवन की बुनियादी जरूरतों को सुनिश्चित किया गया, तब अगला महत्वपूर्ण प्रश्न स्वास्थ्य से संबंधित था। लंबे समय तक भारत में किसी गंभीर बीमारी का मतलब अक्सर परिवार की जमा-पूंजी खत्म हो जाना या फिर इलाज से समझौता करना होता था। इस स्थिति को बदलने का संकल्प लिया गया। पिछले बारह वर्षों में ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था विकसित की गई, जो लोगों तक उनकी जरूरत के समय पहुँचती है, गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराती है और इलाज के खर्च के कारण परिवारों पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ने देती। दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजना सहित कई पहलों ने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, किफायती और व्यापक बनाया है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत देश भर में 44.09 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए गए जिसमें 12.03 करोड़ अस्पताल भर्ती कवर शामिल हैं। सार्वजनिक बीमा के तहत 1,80,435 करोड़ रुपये का इलाज किया गया। हर दिन 40,000 से अधिक दावे निपटाए गए। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 36,000 से अधिक सार्वजनिक और निजी अस्पताल सूचीबद्ध हैं और समाज के 40 प्रतिशत सबसे जरूरतमंद (गरीब) परिवारों के लिए 5 लाख रुपये प्रति परिवार प्रति वर्ष का स्वास्थ्य बीमा किया जाता है। इसी तरह आयुष्मान भारत वय वंदना योजना के तहत 1.20 करोड़ वरिष्ठ नागरिक नामांकित हैं जिसमें 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को 3,000 करोड़ रुपये के 13.84 लाख से अधिक उपचार मिले।

**देश के विकास से नेतृत्व तक, महिलाओं की बढ़ी भूमिका : विधायक जगमोहन आनंद**

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि एक सशक्त भारत का निर्माण तभी संभव है जब उसकी महिलाएं स्वस्थ, शिक्षित, सुरक्षित और आत्मविश्वास से भरपूर हों। इस सरकार की सोच केवल महिलाओं के कल्याण तक सीमित नहीं रही। प्रयास यह रहा कि महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए अवसर, संसाधन और अधिकार सीधे उपलब्ध कराए जाएँ। उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाए, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, सुरक्षा सुनिश्चित हो और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़े। पूंजी, शिक्षा, सुरक्षा और राजनीतिक प्रतिनिधित्व को उनके हाथों तक पहुँचाने की इसी सोच का परिणाम नीचे दिए गए आंकड़ों में दिखाई देता है। उन्होंने बताया कि इस सरकार का बदलाव महिलाओं को कल्याण की प्राप्तकर्ता मानने से हटकर उन्हें राष्ट्र-निर्माण में सक्रिय भागीदार बनाने का है।

# एसआईआर अभियान को लेकर बीएलए-2 का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**असंध, 14 जून ( दलसिंह मान ) :** एसआईआर अभियान को लेकर बीएलए-2 का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सालवन रोड स्थित सनातन धर्मशाला में पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी के संयोजन में किया गया। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष करनाल डॉ. राजेश वैद्य ने




की । बैठक में मंच का संचालन पूर्व चेयरमैन सुरजीत राणा ने किया। बैठक में एसआईआर को लेकर सजग रहने की अपील की गई और तय किया गया कि एक भी गलत वोट नहीं बननी चाहिए और सही वोट कटनी नहीं चाहिए। जिलाध्यक्ष ग्रामीण डॉ राजेश वैद्य ने कहा कि एसआईआर मिशन को कांग्रेस कार्यकर्ता सजगता से पूरा करवारने में सहयोग करें । कार्यकर्ता अपने बूथ पर योग्य मतदाता के नाम का ध्यान रखें और फर्जी मतदाताओं को सूची से बाहर करवाएं। किसी भी सूरत में आयोग्य व्यक्ति का नाम सूची में शामिल न होने पाए। पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहे और किसी भी प्रकार की प्रशासनिक त्रुटि से लोगों के अधिकार प्रभावित न हो। इसके लिए कांग्रेस कार्यकर्ता बूथ स्तर तक लोगों को जागरूक करेगें। गोगी ने कहा कि किसी भी नागरिक का गलत वोट न बने और कोई भी वैध वोट मतदाता सूची से कटे नहीं। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष पूरी हो चुकी है उनके वोट बनवाने की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मित्रपाल शर्मा, जोगिंदर वाल्मीकि, बिन्दर पोसवाल, भूपेन्द्र लाठर, जीतराम कश्यप, जितेन्द्र चोपड़ा, जतिन बिंदल, पूर्व सरपंच गुलजार दुपेडी, कैप्टन तारा चंद, संदेश जिंदल, त्रिलोक सिंह व एडवोकेट सोनिया बोहत सहित अन्य मौजूद रहे।

# रामायण के आदर्शों से समाज को मिलती है सकारात्मक दिशा : रेणु बाला गुप्ता

**बोले : संस्कार, सद्भाव और सेवा का भाव सुदृढ़ करते हैं धार्मिक आयोजन**

**करनाल, 14 जून ( परमजीत कौर ) :** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने रविवार को स्वर्गीय महेंद्र जिंदल एवं दिनेश जिंदल के निवास पर आयोजित पावन रामायण पाठ, भोग एवं भंडारे में श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। उन्होंने धर्म एवं आध्यात्मिकता के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए प्रभु श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, त्याग एवं धर्ममय जीवन से जुड़े प्रेरणादायी संदेशों का श्रवण किया। साथ ही परिवारजनों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ पुण्य प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन सत्य,



कर्तव्यनिष्ठा, सेवा और लोककल्याण का अनुपम उदाहरण है। रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणादायी धरोहर है, जो समाज को नैतिक मूल्यों एवं मानवीय संस्कारों से जोड़ती है। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन समाज में भाईचारे, सद्भाव, संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। ऐसे आयोजनों से लोगों को एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनने तथा सेवा और परोपकार की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान महापौर ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों के साथ आत्मीय संवाद किया। उन्होंने आयोजन की सफल व्यवस्था के लिए परिवारजनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राम नाम से बढ़कर कोई आधार और सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं होता। यही संदेश समाज को एकता, प्रेम और मानवता के मार्ग पर आगे बढ़ने की पावन प्रेरणा देता है। भोग एवं भंडारे के पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने धार्मिक वातावरण में श्रद्धा एवं भक्ति भाव से सहभागिता की।

# स्टील प्लांट हादसा- मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 10, दो का चल रहा इलाज

### -डिप्टी सीएम ने 25-25 लाख मुआवजा, एक सदस्य को प्लांट में नौकरी की घोषणा की

विशाखापत्तनम, 14 जून (निस) विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में 8 जून को हुए हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। कॉन्ट्रैक्ट वर्कर जी सुरीबाबू ने शनिवार को अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। यह हादसा 8 जून को हुआ था, जब विशाखापत्तनम स्टील प्लांट की कंपनी राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के एसएमएस-1 यूनिट में पिघला हुआ स्टील ले जा रही एक लैडल यानी बड़ी कड़ाही में विस्फोट हो गया। लैडल में करीब 1500 डिग्री सेल्सियस के बहुत ज्यादा तापमान पर स्टील भरा था और विस्फोट के बाद पिघला हुआ स्टील रिसने लगा। इस घटना में 8 कर्मचारियों की मौत हो गई और छह घायल हो गए थे। सुरीबाबू से पहले 10 जून को एक और कर्मचारी कंडुला पैदिराजू की मौत हो गई थी। इसी बीच, हादसे में घायल दो कर्मचारियों को छुट्टी दे दी गई, जबकि दो का इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 9 जून को दुर्घटना स्थल का दौरा करने के बाद डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने दुर्घटना में जान गंवाने वाले हर कर्मचारी के परिवार को 25-25 लाख रुपए का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को प्लांट में नौकरी देने की घोषणा की थी। उन्होंने गंभीर रूप से घायल और इलाज करा रहे कर्मचारियों को भी 10-10 लाख रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की।पवन कल्याण ने बताया कि रिटायरमेंट बेनिफिट्स के तहत स्थायी कर्मचारियों को 1.72 करोड़ रुपए और कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को 45.75 लाख रुपए दिए जाएंगे। साथ ही, घायलों के इलाज का पूरा खर्च प्लांट मैनेजमेंट उठाएगा। इस बीच, गजुवाका के विधायक और तेलुगु देशम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पल्ला श्रीनिवास राव ने सुरीबाबू के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सुरीबाबू के निधन की जानकारी मिलने पर राव ने अस्पताल पहुंचकर मृतकों को श्रद्धांजलि और शोक-संतप्त परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार इस मुश्किल समय में हर संभव मदद करेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से बात की और यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रक्रिया की देखरेख की कि पोस्टमार्टम समेत सभी आधिकारिक औपचारिकताएं बिना किसी देरी के पूरी हो जाएं।उन्होंने मैनेजमेंट से कहा कि वे ज्यादा सतर्क रहें और सुरक्षा के उपायों को मजबूत करें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। बोकारो स्टील प्लांट के डायरेक्टर-इन-चार्ज की अध्यक्षता में तीन सदस्यों वाली बाहरी विशेषज्ञों की एक कमेटी इस दुर्घटना की जांच कर रही है ताकि दुर्घटना का कारण पता लगाया जा सके। इस बीच, खबर है कि आरआईएनएल मैनेजमेंट ने जांच पूरी होने तक 22 कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया।

# बच्चों की आँखों को स्विमिंग पूल के संक्रमण से बचाएं



बच्चों के लिए स्विमिंग पूल एक पसंदीदा खेल का मैदान बन जाता है। पानी में उछलना-कूदना, तैरना और दोस्तों के साथ मस्ती करना, यह सब उन्हें बेहद पसंद आता है। लेकिन इस आनंद के साथ एक संभावित खतरा भी जुड़ा है, जो उनकी आंखों को प्रभावित कर सकता है। स्विमिंग पूल में मौजूद कीटाणु और रसायन बच्चों की नाजुक आंखों में संक्रमण पैदा कर सकते हैं, जिसे आम भाषा में 'पिंक आई' या कंजंक्टिवाइटिस के नाम से जाना जाता है। यह बच्चों के लिए न केवल असुविधाजनक होता है, बल्कि यदि इसका समय पर ध्यान न रखा जाए तो यह उनके स्विमिंग अनुभव को पूरी तरह बिगाड़ सकता है। इसलिए यह बेहद ज़रूरी है कि हम अपने बच्चों की आँखों की सुरक्षा के लिए कुछ सरल, लेकिन महत्वपूर्ण सावधानियों को अपनाएं। स्विमिंग पूल, अगर ठीक से साफ और मेंटेन न किए जाएं, तो वे विभिन्न प्रकार के बैक्टीरिया और अन्य सूक्ष्मजीवों के लिए प्रजनन स्थल बन सकते हैं। इन जीवाणुओं में एडेनोवायरस जैसे वायरस भी शामिल हो सकते हैं, जो आंखों के संक्रमण का एक प्रमुख कारण हैं। जब बच्चे इन प्रदूषित पानी में अपनी आंखें खोलते हैं, तो ये हानिकारक तत्व सीधे उनकी आंखों के संपर्क में आते हैं, जिससे संक्रमण का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसके अलावा, पूल के पानी को साफ रखने के लिए उपयोग किया जाने वाला क्लोरीन, हालांकि कीटाणुओं को मारने के लिए आवश्यक है, लेकिन इसकी अधिक मात्रा या इसका लंबे समय तक संपर्क आंखों की प्राकृतिक सुरक्षात्मक परत को नुकसान पहुंचा सकता है। यह आंखों में सूखापन, जलन और लालिमा का कारण बन सकता है, जिससे वे बाहरी संक्रमणों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाती हैं। बच्चों की साझा की गई वस्तुएं, जैसे तौलिए या गॉगल्स, भी संक्रमण को एक बच्चे से दूसरे बच्चे में तेजी से फैलाने का माध्यम बन सकती हैं। यदि आपके बच्चे को स्विमिंग पूल के बाद आंखों में संक्रमण हो गया है, तो कुछ विशिष्ट लक्षण दिखाई दे सकते हैं जिन पर तुरंत ध्यान देना चाहिए। सबसे आम लक्षण आंखों के सफेद हिस्से का गहरा लाल या गुलाबी दिखना है। बच्चे अक्सर अपनी आंखों में जलन, खुजली या ऐसा महसूस होने की शिकायत करते हैं जैसे कोई कण उनकी आंखों में फंस गया हो। आंखों से पानी आना या पीले-सफेद रंग का चिपचिपा डिस्चार्ज निकलना भी इसके संकेत हो सकते हैं, जो सुबह उठने पर पलकों को आपस में चिपका सकता है। कुछ मामलों में, बच्चों को धुंधला दिखाई दे सकता है और उनकी पलकों में सूजन भी आ सकती है, जिससे उन्हें प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता महसूस हो सकती है। इन लक्षणों को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए और यदि दिखाई दें तो डॉक्टर से सलाह लेना आवश्यक है।

खुशकिस्मती से, बच्चों को इन असुविधाजनक आंखों के संक्रमणों से बचाना मुश्किल नहीं है। कुछ आसान और प्रभावी उपाय अपनाकर हम उनके स्विमिंग अनुभव को सुरक्षित और आनंददायक बना सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण कदम यह है कि बच्चों को हमेशा स्विमिंग गॉगल्स पहनाकर ही पूल में भेजा जाए। ये गॉगल्स उनकी आंखों को पूल के पानी में मौजूद रसायनों और बैक्टीरिया से सीधे संपर्क में आने से बचाते हैं। दूसरा महत्वपूर्ण उपाय यह सुनिश्चित करना है कि आप केवल उन स्विमिंग पूलों का चुनाव करें जो साफ-सुथरे हों और जिनका रखरखाव नियमित रूप से किया जाता हो। अच्छी तरह से साफ किए गए पूल में संक्रमण का खतरा काफी कम होता है। इसके अलावा, बच्चों को यह सिखाना चाहिए कि वे अपने तौलिए, गॉगल्स या अन्य व्यक्तिगत सामान दूसरों के साथ साझा न करें, क्योंकि यह संक्रमण फैलने का एक सीधा मार्ग है। बड़े बच्चों के लिए, यदि वे कॉन्टैक्ट लेंस पहनते हैं, तो उन्हें स्विमिंग के दौरान उन्हें उतारने की सलाह देनी चाहिए, क्योंकि लेंस पानी में मौजूद बैक्टीरिया को फंसा सकते हैं, जिससे गंभीर संक्रमण हो सकता है। अंत में, हर बार स्विमिंग के बाद, बच्चों को अपनी आंखों को साफ और ताजे पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए ताकि किसी भी अवशिष्ट रसायन या कीटाणुओं को हटाया जा सके।

स्विमिंग बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक बेहतरीन गतिविधि है, जो उन्हें सक्रिय रखती है और नई चीजें सीखने का अवसर देती है। लेकिन जैसा कि कहा गया है, थोड़ी सी सावधानी बड़ी परेशानी से बचा सकती है। सही सावधानियां अपनाकर, जैसे गॉगल्स का उपयोग करना, स्वच्छ पूल का चयन करना और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना, आप अपने बच्चों को पिंक आई जैसे दर्दनाक और असुविधाजनक आंखों के संक्रमण से बचा सकते हैं।



यह न केवल उनके स्वास्थ्य को सुरक्षित रखेगा, बल्कि यह सुनिश्चित करेगा कि उनका गर्मियों का स्विमिंग अनुभव पूरी तरह से आनंदमय और चिंतामुक्त रहे।

# डिजिटल युग में बच्चों को उम्र के अनुसार सही संस्कार दें

आज के आधुनिक दौर में बच्चों का अधिकांश समय मोबाइल, टीवी और डिजिटल गेम्स में बीत रहा है, जिसका सीधा असर उनके व्यवहार और आदतों पर देखने को मिल रहा है। ऐसे में माता-पिता की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है कि वे अपने बच्चों को सही समय पर सही दिशा और संस्कार दें। यह समझना बेहद आवश्यक है कि बच्चे का पहला विद्यालय उसका घर होता है और उसके पहले शिक्षक उसके माता-पिता ही होते हैं। यदि बचपन से ही बच्चों को अच्छे मैनर्स और जीवन-मूल्य सिखाए जाएं, तो उनका व्यक्तित्व बेहतर और मजबूत बनता है।इसी क्रम में, उम्र के विभिन्न पड़ावों पर बच्चों को क्या और कैसे सिखाया जाए, यह जानना बेहद जरूरी है। शुरुआती दौर में यानी 1 से 2 साल की उम्र में बच्चे चीजों को तेजी से सीखते और समझते हैं। इस समय उन्हें धीरे-धीरे बुनियादी मैनर्स सिखाना शुरू करना चाहिए, जैसे प्यार से बोलना और इशारों के जरिए अपनी बात समझाना। बच्चे इस उम्र में देखकर और नकल करके सीखते हैं, इसलिए माता-पिता को स्वयं वही व्यवहार अपनाकर उदाहरण बनना चाहिए। खेल-खेल में या खिलौनों के माध्यम से शब्दों को दोहराकर उन्हें सिखाना प्रभावी होता है।तीन से पांच साल की उम्र तक आते-आते बच्चे चीजों को बेहतर समझने लगते हैं, लेकिन उनमें जिद भी बढ़ सकती है। इस नाजुक दौर में प्यार और धैर्य के साथ अच्छी आदतें सिखाना आवश्यक है। उन्हें चीजों को साझा करना सिखाएं ताकि उनमें सहयोग की भावना विकसित हो। दूसरों से मिलते समय हाय या हेलो कहना और जाते समय बाय बोलना भी इस उम्र में सिखाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, उन्हें दूसरों की भावनाओं को समझने की आदत डालें, जिससे वे संवेदनशील और समझदार बन सकें। कहानियों और उदाहरणों का सहारा लेना चाहिए, और अच्छे व्यवहार पर उनकी तारीफ करनी चाहिए। इस उम्र में डांटने के बजाय समझाना अधिक प्रभावी होता है।जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते हैं, यानी छह से दस साल की उम्र में उनमें सही और गलत की समझ विकसित होने लगती है। इस समय उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देना बेहद महत्वपूर्ण है। उन्हें सही-गलत की पहचान करना सिखाएं, ताकि वे अपने फैसले समझदारी से ले सकें। उनमें सच बोलने की आदत डालें और ईमानदारी का महत्व समझाएं। टीमवर्क और मिल-जुलकर रहने की भावना विकसित करें, ताकि वे दूसरों के साथ सहयोग करना सीखें



और सामाजिक रूप से मजबूत बनें। इस उम्र में बच्चों को छोटी-मोटी जिम्मेदारियां भी देनी चाहिए और उनकी गलतियों पर शांत तरीके से समझाना चाहिए। उन्हें खेल और सामूहिक गतिविधियों में शामिल करना उनके सामाजिक विकास के लिए लाभकारी होता है, क्योंकि इस उम्र में सीखी गई आदतें जीवनभर उनका साथ निभाती हैं।अंत में, यह भी बेहद महत्वपूर्ण है कि माता-पिता बच्चों के स्क्रीन पर बिताए जाने वाले समय को सीमित करें। मोबाइल और टीवी पर अत्यधिक समय बिताने से बच्चों के मानसिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्हें आउटडोर खेल और अन्य शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि उनका शारीरिकमानसिक विकास संतुलित और बेहतर तरीके से हो सके।

# बच्चों को ज्ञानवर्धक पुस्तकें भी दें

अभिभावक बच्चों की पढ़ाई को लेकर परेशान रहते हैं और उनपर बेहतर प्रदर्शन का दबाव डालते हैं। यह कुछ हद तक सही है पर केवल पढ़ाई से ही बच्चों का पूरा विकास नहीं हो सकता। तेजी से बढ़ते जमाने के साथ चलने के लिए उन्हें अन्य क्षेत्रों की भी जानकारी दें। आम तौर पर अधिकांश अभिभावकों को लगता है कि बच्चे स्मार्ट और तेज दिमाग ज्यादा पढ़ाई करने से बनते हैं लेकिन पढ़ाई के अलावा भी बहुत सी ऐसी चीजें हैं जो बच्चे को समझदार और तेज दिमाग बनाती हैं। जिसके लिए माता.पिता को कुछ बातों का ध्यान रखना होगा। स्कूल की किताबों के अलावा बच्चों को स्टोरी बुक्स पढ़ने की आदत डालें। कहानी की किताब पढ़ने से बच्चों का दिमाग क्रिएटिव बनता है। साथ ही बच्चे समझदार भी बनते हैं बच्चों को साथ बिठाकर होमवर्क करवाएं। बच्चों से एक दोस्त की तरह बात करें उनकी परेशानियों को जानने की कोशिश करें। साथ ही जीवन में उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। अपने बच्चे को आउटडोर गेम्स खेलने पर जोर दें क्योंकि मैदान में जाकर खेलने से बच्चा शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनता है। इससे बच्चे की सेहत तो अच्छी रहती ही है साथ ही दिमाग भी तेज होता है। बच्चे को ज्यादा टीवी देखने ना दें क्योंकि बच्चे टीवी प्रोग्राम में इतने ज्यादा खो जाते हैं कि वो घंटों तक टीवी के आगे ही बैठे रहते हैं जिससे उनका मानसिक विकास नहीं हो पाता है। 2 साल की उम्र से पहले बच्चे को टीवी से दूर ही रखें। अधिकतर लोगों को कहते सुना होगा कि बच्चा वही सीखता है जो दूसरों को करते देखता है इसलिए बच्चे के सामने आप भी ज्यादा से ज्यादा सक्रिय रहें किताबें पढ़ें एक्सरसाइज करें क्रिएटिव चीजें करें ताकि बच्चे पर सकारात्मक असर पड़े। घर के छोटे.मोटे कामों में बच्चे से मदद लें थोड़े बहुत उनके काम उन्हें खुद से करने दें इससे उनमें आत्मविश्वास पैदा होगा और चीजों को लेकर उनमें सही समझ आएगी।



# बेहतर प्रदर्शन के लिए बच्चों को लालच देना ठीक नहीं

अभिभावक कई बार बेहतर प्रदर्शन के लिए बच्चों को लालच देते हैं जो सही नहीं हैं। अगर आप भी अपने बच्चों को इस प्रकार की बातें कहते हैं कि अगर तुम समय पर अपनी पढ़ाई पूरी कर लोगे यह अच्छे नंबर लाओगे या फिर अपनी हॉबी क्लास में अच्छे से सीखोगे, तो तुम्हें तुम्हारा पसंदीदा खिलौना देंगे। कभी-कभार के लिए तो यह ठीक है, लेकिन जब यह रोज की आदत बन जाए, तो ऐसे में बच्चे के लिए अपने काम को सही तरीके से कर पाना कठिन होता है। काम की बजाय उसका पूरा ध्यान काम खत्म होने पर मिलने वाली चीजों में ही लगा रह जाता है, जिसकी वजह से वो अपना काम निपटाने वाले अंदाज में करता है। बच्चे में पनपती यह आदत धीरे-धीरे उसकी रचनात्मकता को भी कम कर सकती है।




जरुरत से ज्यादा अपेक्षाएं न रखें

अपने बच्चे को ऑलराउंडर बनाने के फेर में उस पर जरुरत से ज्यादा दबाव ना बनाएं। आपका बच्चा सारी चीजों में पारंगत हो जाए, इसकी अपेक्षा ना करें। यह जरूरी नहीं है कि आपका बच्चा पढ़ाई में अच्छा है, अच्छी ड्रॉइंग करता है, खेल में अच्छा है, तो वो अच्छा गाना भी गाएगा और डांस भी कर लेगा। अपने बच्चे को उतना ही करने दें, जितना वो सहजता से कर पाए। बहुत सारे के चक्कर में वो कोई भी काम ठीक से नहीं कर पाएगा।

पसंदीदा काम करने दें

छोटे से बच्चे पर अपनी पसंद ना थोपें। उसे वो काम करने दें, जो करना उसे पसंद है। अगर वो डांस क्लास या वॉलीबॉल की क्लास में नहीं जाना चाहता है, तो उसके दोस्त ऐसा कर रहे हैं, यह सोचकर आप उसे भी ऐसा करने के लिए मजबूर ना करें। अगर उसका मन घर में बैठकर कलरिंग करने का है या फिर वह टीवी पर थोड़ी देर के लिए अपना पसंदीदा कार्टून देखना चाहता है, तो इसके लिए आप उसे मना ना करें। अगर आपके पास समय है, तो उसके साथ बैठकर वो काम करें, जिसमें उसे मजा आ रहा हो। उसे बातों-बातों में जिंदगी के बारे में अच्छी बातें बताएं।

असफलता का भय न दिखायें

बच्चे में किसी भी काम को रचनात्मक तरीके से करने की भावना तभी आएगी, जब उसके अंदर हार का डर नहीं होगा। अभिभावक के तौर पर यह आपका दायित्व है कि अपने बच्चे के अंदर सफलता और असफलता को लेकर सही सोच विकसित करें। अपने बच्चे के अंदर असफलता से भी सीखने का भाव भरें।

अपने बच्चे को पूरा समय दें। भले ही आप कितनी भी व्यस्त क्यों ना हों, दिन का कुछ समय सिर्फ अपने बच्चे के लिए रखें। इस समय में आप उसके मन में उठने वाली जिज्ञासाओं को शांत करें। उसके छोटे-छोटे सवालों का धैर्यपूर्वक जवाब दें। उसे अच्छी कहानियां सुनाएं, इससे आपके बच्चे की रचनात्मकता बढ़ेगी।



अपने बच्चे से इस बात की उम्मीद न करें कि वो किसी भी काम को एक ही समय में पूरा कर लेगा। उसे काम पूरा करने के लिए वक्त दें। अपने बच्चे के किसी काम की अवहेलना न करें। तुमने तो सारा खराब कर दिया जैसी बातें भूलकर भी ना करें।

# क्यों मनाया जाता है रक्तदान दिवस एवं इसके फायदे

– सुनील कुमार महला

विश्व रक्तदान दिवस हर वर्ष 14 जून को मनाया जाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि यदि कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में रक्त का दान करता है तो यह मानवता के हित में सबसे बड़ा काम है, लेकिन एक आंकड़े के अनुसार हमारे देश की आबादी का केवल 37 प्रतिशत लोग ही रक्तदान करने योग्य हैं, लेकिन उनमें से भी 10 प्रतिशत से भी कम लोग हर साल ब्लड डोनेट करते हैं। पाठकों को जानकारी प्राप्त करके आश्चर्य होगा कि दुनिया भर में हर वर्ष लगभग 11.85 करोड़ (118.5 मिलियन) यूनिट रक्तदान एकत्र किया जाता है तथा विश्व के कुल रक्तदान का 40त्न हिस्सा उच्च आय वाले देशों से आता है, जबकि वहां दुनिया की केवल 16त्न आबादी रहती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार एक यूनिट रक्त को विभिन्न घटकों में विभाजित करके तीन लोगों तक की जान बचाई जा सकती है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार निम्न आय वाले देशों में दिए जाने वाले रक्त का 54त्न हिस्सा 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को चढ़ाया जाता है तथा उच्च आय वाले देशों में रक्त प्राप्त करने वालों में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग लगभग 76त्न हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वर्ष 2008 से 2018 के बीच स्वैच्छिक रक्तदाताओं से प्राप्त रक्तदान में 1.07 करोड़ (10.7 मिलियन) यूनिट की वृद्धि दर्ज की गई। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दुनिया के 79 देशों में 90त्न से अधिक रक्त आपूर्ति स्वैच्छिक और निःशुल्क रक्तदाताओं से प्राप्त होती है, जबकि 54 देशों में अब भी आधे से अधिक रक्त परिवार या भुगतान वाले दाताओं से आता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रसव के दौरान या बाद में हर वर्ष लगभग 1.4 करोड़ (14 मिलियन) महिलाएं अत्यधिक रक्तस्राव का सामना करती हैं, जिनके लिए समय पर रक्त उपलब्ध होना जीवनरक्षक साबित होता है। भारत में विभिन्न आकलनों के अनुसार प्रतिवर्ष लगभग 10 लाख यूनिट रक्त की कमी बनी रहती है, जिसके कारण नियमित स्वैच्छिक रक्तदान का महत्व और बढ़ जाता है। रोचक तथ्य है कि यदि किसी देश की केवल 1त्न आबादी नियमित रूप से रक्तदान करे, तो अधिकांश देशों की रक्त आवश्यकता पूरी हो सकती है। रक्त आज भी ऐसी जीवनरक्षक वस्तु है जिसे किसी फैक्ट्री में बनाया नहीं जा सकता; इसका एकमात्र स्रोत मानव रक्तदाता ही है। जीवन अमूल्य है और रक्तदान जीवनदान देता है। ब्लड प्रकृति द्वारा मानव को दिया गया सबसे मूल्यवान उपहार है। हम इसके माध्यम से लोगों की कई तरह से मदद कर सकते हैं, मसलन हम बहुत सी जिंदगियां बचा सकते हैं। मानवता की सेवा में रक्तदान सबसे उत्तम सेवा है। बीमारों, जरूरतमंदों के लिए रक्तदान नये जीवन की आशा है। रक्तदान करके हम बहुत से जीवन बचा सकते हैं, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ और योग्य व्यक्ति को अपने जीवन में रक्त का दान करने की प्रेरणा लेनी चाहिए और रक्तदान करना चाहिए। जानकारी देना चाहूंगा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इस दिन को रक्तदान दिवस के रूप में घोषित किया गया है। रक्तदान को सबसे बड़ा दान माना गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 में स्थापित इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित रक्त और रक्त उत्पादों की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना और रक्तदाताओं के सुरक्षित जीवन रक्षक रक्त के दान करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करते हुए आभार व्यक्त करना है।




वास्तव में, इस दिन को 14 जून को मनाने का खास कारण है। जानकारी मिलती है कि वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टीनर ने ब्लड ग्रुप सिस्टम की खोज की थी। उनके इस योगदान के लिए वर्ष 1930 में कार्ल लैंडस्टीनर को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। रक्तदाता दिवस वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टीनर को समर्पित है, जिनका जन्मदिन 14 जून को होता है। यहां यह भी बताता चलूं कि कार्ल लैंडस्टीनर ही वह वैज्ञानिक थे जिन्होंने एबीओ रक्त समूह की खोज की थी। उनका जन्म 14 जून 1868 को हुआ था और उन्हीं की याद में यह दिवस संपूर्ण विश्व में मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि विश्व रक्तदाता दिवस मनाए जाने की शुरुआत विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस संघ, और रेड क्रिसेंट समाज द्वारा सबसे पहले की गई थी। कार्ल लैंडस्टीनर एक ऑस्ट्रियाई जीव वैज्ञानिक, चिकित्सक और प्रतिरक्षा विज्ञानी थे, और उन्हें आधुनिक रक्त आधान (ब्लड ट्रांसफ्यूजन) का संस्थापक माना जाता है। यह उनका योगदान ही है कि आज रोगी के जीवन को खतरे में डाले बिना ब्लड ट्रांसफ्यूजन संभव हो पाया है। कार्ल को उनके अनूठे योगदान के लिए वर्ष 1930 में उन्हें नोबेल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। आज देश में रोजाना बहुत से एक्सीडेंट होते हैं, थैलेसीमिया के रोगियों, एनीमिया के रोगियों, ब्लड कैंसर जैसी बीमारियों में व बहुत बार डिलीवरी के वक्त महिलाओं को रक्त की जरूरत पड़ती है। कई बार आपात स्थिति में एक्सीडेंट के दौरान या फिर ऑपरेशन या किसी अन्य कारण से खून की आवश्यकता जब मरीज को पड़ती है, ऐसे में रक्तदाताओं द्वारा दान किए गए खून से कई लोगों की जान बचाई जाती है। ऐसे ही ब्लड डोनर्स के महत्व और उन्हें धन्यवाद करने के लिए प्रति वर्ष 14 जून को 'वर्ल्ड ब्लड डोनर डे' संपूर्ण विश्व में मनाया जाता है। रक्तदान को महादान भी कहा गया है, क्योंकि किसी का जीवन बचाने से बड़ी बात कुछ और नहीं हो सकती है। आज लोग धीरे-धीरे इसका महत्व समझने लगे हैं और रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता का माहौल भी देखने को मिल रहा है। फिर भी बहुत सारे व्यक्ति ऐसे भी हैं जिनको अभी भी रक्तदान करने से डर लगता है, रक्तदान को लेकर बहुत सी भ्रांतियां भी लोगों में व्याप्त हैं, तो हमारा कर्तव्य यह बनता है कि हम उन्हें रक्तदान के प्रति जागरूक करें। वास्तव में, अगर हमारी वजह से यदि किसी व्यक्ति की ज़िन्दगी बचती है तो हमें जो संतुष्टि का एहसास होगा उसे शब्दों में बयाँ करना मुमकिन नहीं है। सच तो यह है कि रक्तदान जीवन का सबसे खूबसूरत अहसास है। विश्व रक्तदाता दिवस के लिए हर साल विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा एक थीम को चुना जाता है ताकि स्वैच्छिक रक्तदान जीवन को बचाने और विभिन्न समुदायों के भीतर एकजुटता बढ़ाने में भूमिका को उजागर किया जा सके।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 वर्षों के शासन काल में देश की बदली तस्वीर व तकदीर : हरविन्द्र कल्याण

## विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने गांव नगला फार्म में करीब 50 लाख रुपये की लागत के 3 विकास कार्यों का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास




**घरौंड़ा, 14 जून ( नरेंद्र लाठर ) :** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने रविवार को अपने प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के गांव नगला फार्म में करीब 50 लाख रुपये की लागत के तीन विकास कार्यो का उद्घाटन एवं शिलान्यास करके जनता को एक बड़ी सौगात दी। इनमें 25 लाख 27 हजार रुपये की लागत से फिरनी कार्य का लोकार्पण, 15 लाख रुपये की लागत से हॉल के निर्माण कार्य का शिलान्यास तथा 9 लाख 71 हजार रुपये की राशि से बनने वाली 2 गलियों के निर्माण कार्य का शुभारम्भ शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरविन्द्र कल्याण का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया और गांव के सरपंच सुधीर ने बुक्का देकर तथा गांव के मौजिज व्यक्तियों ने पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया तथा अन्य ग्रामीणों ने फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उक्त विकास कार्य के उद्घाटन एवं शिलान्यास की शुभकामनाएं एवं बधाई दी और कहा कि गांव के विकास की गति को ओर तेज किया जाएगा तथा सरपंच द्वारा गांव के विकास के लिए रखी गई मांगों को भी पूरा करवाया जाएगा। ग्रामीण विकास के मामले में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की विकास के मामले में तस्वीर व तकदीर बदली है और विदेशों में भी भारत का सम्मान बढ़ाया है। यह हम सब के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए हरियाणा प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में ठोस कदम उठाए। जिनका लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है और अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। विकास की इस रफ्तार में घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में भी बड़ी-बड़ी परियोजनाओं की सौगात मिली है। जिनमें से अधिकांश पूरा हो चुकी है तथा शेष पर कार्य तेज गति से जारी है। इन 12 वर्षों में अपना ईलाका आगें बढ़ा है इसको और आगे बढ़ाना है। हमें बच्चों के उज्ज्वल भविष्य व अपने ईलाकें की तरक्की के लिए मिलजुल कर काम करना है। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आह्वान किया कि भावी पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण उपलब्ध कराने के लिए अधिकाधिक संख्या में पौधे लगाना जरूरी है। पेड़ हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं। पौधारोपण के बाद उनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के च्एक पेड़ मां के नामज् अभियान का उद्देश्य भी मां और मातृभूमि के प्रति सम्मान प्रकट करना है। जिस प्रकार मां बच्चे का पालन -पोषण करके उसे बड़ा करती है, उसी प्रकार हमें पौधों की भी देखभाल करनी चाहिए। वृक्ष का रूप लेने पर ये पर्याप्त ऑक्सीजन उपलब्ध कराते हैं जिससे स्वास्थ्य ठीक रहता है। पेड़-पौधे पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखते हैं। कोरोना काल में पेड़ों की कमी के महत्व को समझा जा सकता है जब ऑक्सीजन के लिए फैक्ट्रियों से सिलेंडर मंगवाने पड़े थे। उन्होंने कहा कि पिछले 12 सालों में देश ने काफी तरक्की की है। यह व्यवस्था परिवर्तन का ही नतीजा है कि आज बुजुर्गों के खाते में पेंशन राशि सीधे पहुंच रही है। विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं से सरकार की मंशा जाहिर होती है। राष्ट्र मजबूती से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में भारत की साख बढ़ी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में योग्यता के आधार पर युवाओं को नौकरी मिल रही है। गांवों में दौरे के समय 5 से 20 युवाओं को नौकरी मिलने की बात सुनने को मिलती है इसी कारण आज युवाओं का रुझान पढ़ाई की ओर बढ़ा है। इस अवसर पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मोनिका, उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता रमेश खटखड़, पंचायत राज जेई अमनदीप कुमार, जिला परिषद की उपाध्यक्ष के प्रतिनिधि धीरज खरकाली, मंडल अध्यक्ष सचिन राणा, मार्केट कमेटी के वाईस चेयरमैन संदीप चौहान, गांव के सरपंच सुधीर सहित अन्य गांव के सरपंच व काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में बेजुबान पशु-पक्षियों की प्यास बुझाना भी मानवता का धर्म : प्रधान राजपाल ग्रोवर



**रतिया, 14 जून ( अमन सेठी ) :** श्री अरोड़वंश सभा रतिया के प्रधान राजपाल ग्रोवर ने क्षेत्रवासियों से भीषण गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों की देखभाल करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बढ़ते तापमान के कारण बेजुबान जीवों को भी पानी और छांव की सख्त जरूरत होती है। ऐसे में समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व बनता है कि वह उनके लिए भी पानी और दाने की व्यवस्था करे। राजपाल ग्रोवर ने कहा कि लोग अपने घरों की छतों, बालकनी, आंगन तथा सार्वजनिक स्थानों पर परिंदे और मिट्टी के बर्तनों में स्वच्छ पानी रखें, ताकि प्यासे पक्षियों को राहत मिल सके। इसके अलावा आवारा पशुओं के लिए भी छायादार स्थानों पर पानी की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा और करुणा भारतीय संस्कृति की पहचान है। बेजुबान पशु-पक्षियों की सहायता करना न केवल मानवता का परिचय है, बल्कि यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है। छोटी-छोटी कोशिशों से हम कई जीवों का जीवन बचा सकते हैं। श्री अरोड़वंश सभा रतिया के प्रधान राजपाल ग्रोवर ने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि गर्मी के इस मौसम में प्रत्येक परिवार अपने घर के बाहर पानी का एक पात्र अवश्य रखे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि च्पशु-पक्षियों की सेवा और उनकी प्यास बुझाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है।

# भीषण गर्मी में सेवा का संगम, युवाओं ने लगाई छबील

**अस्तबली पीर बाबा दरबार के निकट शीतल जल वितरण, राहगीरों को मिली राहत**

**रायपुररानी, 14 जून ( देवेन्द्र सिंह ) :** भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के



उद्देश्य से प्राचीन शिव मंदिर पक्का तालाब कमेटी की ओर से रायपुररानी में छबील लगाई गई। अस्तबली पीर बाबा दरबार के समीप आयोजित इस सेवा कार्य में राहगीरों को शीतल मीठा जल वितरित किया गया। दिनभर चली छबील में बड़ी संख्या में लोगों ने जल ग्रहण कर गर्मी से राहत महसूस की। जबकि सेवादारों ने पूरे उत्साह और समर्पण भाव से व्यवस्था संभालते हुए सेवा कार्य को सफल बनाया। जानकारी देते हुए कमेटी सदस्य सागर कश्यप, शुभम शर्मा, दीपक कौशिक, सचिन पंडित, आशु प्रजापत, महिंदर सिंह, ऋषु कुमार, अमन कश्यप एवं साहिल ने बताया कि ऐसे आयोजन सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और मानव सेवा की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि जनहित में यह परंपरा आगे भी जारी रखी जाएगी।

# नशे को कहो ना, जिंदगी को कहो हाँ एसपी निकिता खट्टर का युवाओं को संदेश

## नशे का इंजेक्शन मौत की ओर पहला कदम, युवा अपने सपनों और भविष्य को बचाएं : एसपी



**फतेहाबाद, 14 जून ( अमन सेठी ) :** युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर आईपीएस ने कहा कि नशा किसी भी रूप में जीवन के लिए घातक है, लेकिन इंजेक्शन के माध्यम से लिया जाने वाला नशा युवाओं को तेजी से मौत की ओर धकेलता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे को पूरी तरह अस्वीकार कर अपने जीवन, परिवार और भविष्य को सुरक्षित बनाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज का युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति है। यदि युवा सही दिशा में आगे बढ़े तो समाज और राष्ट्र प्रगति के नए आयाम स्थापित कर सकता है, लेकिन नशे की लत युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा और सपनों को खत्म कर रही है। उन्होंने कहा कि नशा कोई शौक या रोमांच नहीं, बल्कि एक ऐसा जहर है जो धीरे-धीरे व्यक्ति के शरीर, मानसिक स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन को बर्बाद कर देता है। निकिता खट्टर ने बताया कि नशीले इंजेक्शनों का प्रयोग एचआईवी, हेपेटाइटिस, रक्त संक्रमण, हृदय संबंधी गंभीर बीमारियों और असमय मृत्यु का कारण बन सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि एक गलत निर्णय पूरी जिंदगी पर भारी पड़ सकता है। इसलिए नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल, कौशल विकास और रोजगार जैसे सकारात्मक विकल्पों को अपनाना चाहिए। एसपी ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करता है। माता-पिता की उम्मीदें, परिवार की खुशियां और समाज का भविष्य नशे की भेंट चढ़ जाता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने माता-पिता का सम्मान करें, अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें और समाज के लिए प्रेरणा बनें। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों तथा सामाजिक संगठनों से भी अपील की कि वे युवाओं के व्यवहार पर सजग नजर रखें और किसी भी प्रकार के नशे की आशंका होने पर समय रहते उचित मार्गदर्शन और उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करें। संवाद और सहयोग के माध्यम से युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकाला जा सकता है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फतेहाबाद पुलिस प्रदेश सरकार के ड्रग हरियाणा अभियान के तहत नशा तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। जिले में नशे की तस्करी, बिक्री और प्रचार-प्रसार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है तथा दोषियों को कानून के अनुसार कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने युवाओं से संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि नशामुक्त जीवन ही सफल जीवन की पहचान है। यदि प्रत्येक युवा नशे को ना कहने का साहस दिखाए तो एक स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है, इसे नशे में नहीं बल्कि अपने सपनों को साकार करने में लगाएं। जो युवा जीवन, शिक्षा, खेल और सकारात्मक सोच को चुनता है, वही वास्तव में समाज और राष्ट्र का सच्चा विजेता बनता है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस व स्वच्छ भारत अभियान के तहत किया पौधारोपण

**मूनक, 14 जून ( जय भगवान ) :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उपलक्ष में व स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत गांव गुलरपुर में पौधारोपण किया गया। इस अभियान में सरपंच सुरेश कुमार, सुरेंद्र सिंह एस ई पीओ, रूबी नरवाल, योग सहायक रीना रानी , हीना देवी आदि ने गांव में



विद्यालय, व्यायाम शाला आदि विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया। योग सहायक रीना देवी पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बताया कि पेड़ का हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है। पेड़ हमें औषधीय के साथ-साथ पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाते हैं। पेड़ हमें स्वस्थ रखने के लिए मीठे फल देते हैं जिनको खाने से हमारा शरीर ताकतवर स्वस्थ रहता है। हमें पेड़ पर ज्यादा से ज्यादा लगानी चाहिए। पौधारोपण का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ बनाना और वातावरण से प्रदूषण को मिटाना है सभी लोगों को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। पौधारोपण के दौरान फलदार व छायादार पेड़ लगाएंगे।

# रक्त शिविर के दौरान 85 यूनिट रक्त इकट्ठा हुआ

**मूनक, 14 जून ( जय भगवान ):** राष्ट्रीय रक्त दिवस के अवसर पर श्री राम हस्पताल मूनक में रक्त शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अरोमा ब्लड सेंटर पानीपत के द्वारा डॉ



राजेश, डॉ संदीप, प्रवीण शर्मा की देखरेख में इस शिविर का आयोजन किया गया। डॉ अनिल कुमार ने बताया कि रक्त दान करने से किसी व्यक्ति की जान तो बचती है साथ में ही मनुष्य का भी शरीर स्वस्थ रहता है । रक्तदान करने से खून में कमी नहीं होती बल्कि नया खून तैयार होता है। हमें अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए रक्तदान आवश्यक करना चाहिए। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान 85 यूनिट रक्त इकट्ठा हुआ जिसमें 10 महिलाओं ने भी इसमें योगदान दिया। इस दौरान डॉ गोपाल राम, डॉ निखिल गेरि, डॉ सुनील मान मौजूद रहे।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तवीरों का सम्मान, महापौर ने बढ़ाया उत्साह

**रक्तदान को बताया मानवता की सबसे बड़ी सेवा, युवाओं से नियमित रक्तदान का आह्वान**

**एक यूनिट रक्त ज़रूरतमंदों को देता है नया जीवन, समाज को आगे आने की जरूरत : महापौर**




**करनाल, 14 जून ( संदीप रोहिला ) :** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रविवार को आयोजित रक्तदान शिविर में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने विशेष रूप से सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने रक्तदाताओं, आयोजकों एवं समाजसेवियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही रक्तदाता युवाओं एवं स्वयंसेवकों से संवाद कर उनके सेवा भाव की सराहना करते हुए समाजहित में किए जा रहे कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का ऐसा श्रेष्ठ माध्यम है, जिसके जरिए किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त कई लोगों की जिंदगी बचाने में सहायक सिद्ध हो सकता है। इसलिए रक्तदान केवल दान नहीं बल्कि सच्चे अर्थों में जीवनदान है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर नियमित रक्तदान का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर सामाजिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए। महापौर ने रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तवीरों का अभिनंदन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने आयोजकों के सार्थक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में ऐसे शिविरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर मोहित चावला, गौरव सेखड़ी, गौरव अरोड़ा, आकाश भट्ट, संजय गुप्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

**सक्रिय भागीदारी का आह्वान –** कार्यक्रम के समापन पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों, सहयोगियों एवं रक्तदाताओं को शुभकामनाएं दीं। साथ ही भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

# अग्रवाल वैश्य समाज नरवाना की चौथी निशुल्क अरुणाय धाम बस यात्रा श्रद्धालुओं के साथ रवाना




**नरवाना, 14 जून ( नरेन्द्र कुमार ):** अग्रवाल वैश्य समाज शाखा नरवाना के तत्वावधान में शनिवार को नरवाना के हुड्डा मार्केट से चौथी निशुल्क अरुणाय धाम बस यात्रा श्रद्धालुओं को लेकर रवाना हुई। समाजसेवी एवं प्रॉपर्टी एडवाइजर राजेश सिंगला द्वारा अपने स्वर्गीय पिता लाला किशोरी लाल सिंगला की पुण्य स्मृति में शुरू की गई यह धार्मिक सेवा निरंतर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनती जा रही है।बस यात्रा को स्वर्गीय किशोरी लाल सिंगला की सुपुत्री रितु गोयल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और बाबा भोलेनाथ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।संस्था के प्रधान अर्जुन गोयल ने बताया कि राजेश सिंगला समाज के प्रतिष्ठित एवं धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। उनकी सोच है कि आर्थिक या अन्य कारणों से जो श्रद्धालु अरुणाय धाम नहीं पहुंच पाते उन्हें भी भगवान भोलेनाथ के दर्शन का अवसर मिलना चाहिए। इसी उद्देश्य से प्रत्येक माह त्रयोदशी के अवसर पर निशुल्क बस सेवा संचालित की जा रही है। प्रेस प्रवक्ता दीपक सिंगला ने बताया कि अरुणाय धाम पहुंचने पर सभी श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भोजन, प्रसाद एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की गई। उपप्रधान जोनी सिंगला ने कहा कि स्वर्गीय किशोरी लाल सिंगला की स्मृति में संचालित की ।श्रद्धालु आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा का आनंद लेते हुए दर्शन कर सकें।यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को इस पहल से सैकड़ों भक्तों को बाबा भोलेनाथ के पावन धाम में जाकर दर्शन और पूजा-अर्चना का अवसर मिल रहा है।इस अवसर पर उपप्रधान जोनी सिंगला, संगठन सचिव अशोक गोयल, दिनेश मित्तल, दीपक गर्ग, रामनिवास गर्ग , प्रदीप सिंगला, विजय गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डाक्टर अर्चना गुप्ता ने भाजपा नेता संजीव गर्ग एवं वरिष्ठ नेताओं से की मुलाकात

**यमुनानगर, 14 जून ( दिनेश कुमार ) :** भाजपा नेता संजीव गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डाक्टर अर्चना गुप्ता अपने जिला यमुनानगर के प्रवास कार्यक्रम में उनके निवास



स्थान जगाधरी पर पहुंची साथ में हरियाणा सरकार कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा साथ रहे। जगाधरी निवास स्थान पर पहुंचने पर बड़े भाई हरियाणा विद्युत नियामक आयोग सदस्य एडवोकेट मुकेश गर्ग, पारिवारिक सदस्यों, मित्रों एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत अभिनंदन किया व उन्हें स्मृति चिन्ह् भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेशाध्यक्ष के रूप में नारी शक्ति को महत्वता देते हुए डाक्टर अर्चना गुप्ता की नियुक्ति की है वो इसके लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डाक्टर अर्चना गुप्ता ने कहा कि संघ एवं भाजपा के वरिष्ठ पुराने कार्यकर्ताओं के बीच आने पर उन्हें गर्व की अनूभूति हुई है, सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को मिलजुल कर कार्य करके भाजपा को ज्यादा से ज्यादा मजबूती प्रदान करना है। उनके आगमन पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों तथा सामाजिक संगठनों ने जो भव्य एवं आत्मीय स्वागत-अभिनंदन किया है वह सदैव जनकल्याण एवं प्रदेश के विकास के लिए प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। अपनों के बीच आना उनमें एक नयी स्फूर्ति ताजगी भर देता है, कार्यकर्ताओं का अपार उत्साह, संगठन के प्रति समर्पण और नारी नेतृत्व के प्रति सम्मान आज जो देखने को मिला है वह नई ऊर्जा देने वाला है। उन्होंने कहा कि हर वर्ग का यह प्रेम और सहयोग जनसेवा, संगठन एवं प्रदेश के विकास के प्रति मेरे संकल्प को और अधिक सशक्त बनाएगा। हरियाणा विद्युत नियामक आयोग सदस्य एडवोकेट मुकेश गर्ग ने बताया कि केंद्र सरकार एवं हरियाणा सरकार महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी और नायब सरकार की योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से मजबूत बनाया है।

# दिल्ली के इस जंगल में बार-बार दिख रहे तेंदुए

नई दिल्ली 14 जून (निस) दिल्ली के असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य में तेंदुओं की बढ़ती मौजूदगी ने वन अधिकारियों को खासा उत्साहित कर दिया है। अब यहां आए दिन तेंदुए देखे जा रहे हैं। खास तौर पर कैमरा ट्रैप में लगातार तेंदुओं के जोड़े रिकॉर्ड हो रहे हैं। इसे अधिकारी अभयारण्य में बेहतर होते प्राकृतिक आवास और समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत मान रहे हैं। अधिकारियों का अनुमान है कि असोला भाटी क्षेत्र में तेंदुओं की संख्या 2022 के लगभग 12-14 से बढ़कर अब करीब 16 हो गई है। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि यह आंकड़ा 'कैमरा ट्रैप' रिकॉर्ड और एरिया निगरानी पर आधारित है और विस्तृत गणना के बाद ही इसकी पुष्टि हो सकती है। वन्यजीव अधिकारियों को जिस बात ने सबसे ज्यादा उत्साहित किया है, वह है अभयारण्य के भीतर जलाशयों के पास तेंदुओं के जोड़ों का बार-बार दिखना। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे नजारे बेहद दुर्लभ हैं क्योंकि तेंदुए आमतौर पर एकांत प्रिय होते हैं और वे आमतौर पर केवल प्रणय काल, प्रजनन के दौरान या फिर शावकों के पालन-पोषण के समय ही साथ दिखाई देते हैं। वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कुछ साल पहले तेंदुए इतनी बार दिखना असामान्य था। आज हमारे 'कैमरा ट्रैप' लगभग हर रोज उन्हें रिकॉर्ड कर रहे हैं। तेंदुओं के जोड़े भी बार-बार दिख रहे हैं, जो काफी महत्वपूर्ण है। वन्यजीवों की आबादी में बढ़ोतरी सिर्फ तेंदुओं तक सीमित नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि चीतल और जंगली सूअर भी काफी देखे जा रहे हैं, जबकि मोर तो इतने हैं कि अब वे अभयारण्य के कई हिस्सों में आम तौर पर दिख जाते हैं।

# दिल्ली- एनसीआर में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट

नई दिल्ली 14 जून (निस) दिल्ली-एनसीआर में रात हुई आंधी-बारिश से तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक बादल छाए रहने, तेज हवाएं चलने और हल्की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। दिल्ली और एनसीआर के विभिन्न हिस्सों में गुरुवार की रात को तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इससे तापमान में काफी गिरावट देखी गई। दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 6.6 डिग्री कम रहा। वहीं शुक्रवार को दिल्ली के सफदरजंग में अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 5.3 डिग्री कम रहा। मौसम विभाग ने शनिवार को भी पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आंधी के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार को गरज चमक और आंधी से मौसम सुहावना रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान दिल्ली के साथ ही एनसीआर के विभिन्न हिस्सों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। दोपहर या शाम के समय आंधी-तूफान, बिजली कड़कने के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। आंधी के दौरान हवा के झोंकों की स्पीड 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक देखी जा सकती है। मौसम विभाग ने 14 जून को दिल्ली-एनसीआर में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और दोपहर या शाम के समय गरज चमक के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने 15 जून को दिल्ली-एनसीआर में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और 16 जून को बादलों की आवाजाही के साथ ही दोपहर या शाम के समय गरज चमक के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने 14 जून को दिल्ली में अधिकतम तापमान 36 से 38 डिग्री सेल्सियस जबकि 15 जून को इसके 37 से 39 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किए जाने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, 17 जून से मौसम साफ रहने का अनुमान है। 16 जून से 19 जून तक अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया जा सकता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, गुरुवार की रात को तेज आंधी और बारिश से दिल्ली की हवा काफी साफ हो गई है। शुक्रवार को दिल्ली का प्रदूषण स्तर (एक्यूआई) 100 से नीचे आ गया जिसे अच्छा या संतोषजनक माना जाता है।

# रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए उठाया बड़ा कदम देशभर के रेलवे स्टेशनों पर होगा अग्नि सुरक्षा ऑडिट

नई दिल्ली 14 जून (संजय बंसल) हाल के महीनों में ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर आग की घटनाओं से रेलवे प्रशासन की यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी है। इसे ध्यान में रखकर देशभर के रेलवे स्टेशनों पर अग्नि सुरक्षा ऑडिट करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार ने सभी क्षेत्रीय रेलवे के महाप्रबंधकों को पत्र लिखकर अग्नि सुरक्षा आडिट सुनिश्चित करने को कहा है। ऑडिट में स्टेशन भवन, विद्युत उपकरण, एयर कंडीशनिंग और वेंटिलेशन सिस्टम, आपातकालीन निकास द्वार, अग्निशमन उपकरण, पानी की उपलब्धता व भंडारण, पंपिंग व्यवस्था और स्प्रिंकलर सिस्टम सहित सुरक्षा से संबंधित सभी महत्वपूर्ण आधारभूत ढांचे की जांच की जाएगी। अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन का भी आकलन किया जाएगा।

## डीएनडी से आश्रम जाने वालों के लिए जरूरी खबर

नई दिल्ली 14 जून (निस) दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने दक्षिणी दिल्ली के लिए लोगों के लिए एक एजडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने बताया कि रिंग रोड के महारानी बाग से अश्रम वाले हिस्से पर दिल्ली जल बोर्ड का मरम्मत कार्य चल रहा है। इस काम की वजह से 11 जून से लगभग एक हफ्ते तक ट्रैफिक पर असर पड़ेगा। जल बोर्ड का सड़क के दो लेन पर काम चल रहा है, जिस कारण 24 घंटे गाड़ियों की आवाजाही प्रभावित रहेगी। डीएनडी फ्लाईओवर से अश्रम की तरफ जाने वाली रिंग रोड और सी.वी. रमन मार्ग से रिंग रोड पर आने वाली गाड़ियां प्रभावित हो सकती है। पीक आवर्स में जाम की स्थिति बन सकती है। इसलिए पुलिस ने लोगों से अनुरोध किया है कि जरूरी हो तभी इस रास्ते से निकलें।

## एमसीडी क्षेत्रों में जनगणना का पहला चरण समाप्ति की ओर

नई दिल्ली 14 जून (संजय बंसल) दिल्ली के एमसीडी क्षेत्रों में जनगणना का पहला चरण (हाउसलिस्टिंग) अब अंतिम चरण में है। एमसीडी के सभी 12 जोन में घर-घर जाकर जानकारी जुटाने का काम लगभग पूरा हो रहा है, जिसमें 12 एमसीडी जोन में अब तक लगभग 2.11 करोड़ लोगों और 74 लाख घर कवर हो चुके हैं।

## 150 सेकंड के इंतजार को कहें अलविदा सिग्नल फ्री होगा दिल्ली का यह चौराहा

नई दिल्ली 14 जून (निस) बाहरी रिंग रोड पर अत्यधिक यातायात भार वाले चौराहों में से एक मधुबन चौक जल्द ही सिग्नल फ्री हो जाएगा। मधुबन चौक ट्रैफिक सिग्नल पर वाहन चालकों को अब 150 सेकंड के ठहराव साथ-साथ यातायात जाम में फंसने की समस्या से मुक्ति मिलने वाली है। मधुबन चौक के साथ ही पीतमपुरा स्थित लाला जगत नारायण मार्ग पर आशियाना चौक को सिग्नल फ्री किए जाने की योजना है।

# डीजल खरीद की नई लिमिट से नोएडा की सोसाइटियों में मचा है हड़कंप

नई दिल्ली 14 जून (संजय बंसल) केंद्र सरकार के नए नियमों के तहत अब खुदरा पंपों से प्रतिदिन 200 लीटर से अधिक डीजल उपभोक्ता नहीं खरीद पाएंगे। इससे नोएडा की हाईराइज सोसाइटियों की चिंता बढ़ गई है। बिजली कटौती के दौरान डीजी सेट चलाने के लिए उन्हें अब महंगा कमर्शियल डीजल खरीदना पड़ेगा, जिससे निवासियों पर पावर बैकअप और मेंटेनेंस शुल्क का बोझ बढ़ सकता है। केंद्र सरकार द्वारा डीजल खरीद को लेकर जारी किए गए नए नियमों ने औद्योगिक इकाइयों के साथ-साथ नोएडा, ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट की हाईराइज सोसाइटियों की भी चिंता बढ़ा दी है। नए आदेश के अनुसार अब खुदरा पेट्रोल पंपों से कोई भी उपभोक्ता एक दिन में अधिकतम 200 लीटर डीजल ही खरीद सकेगा। अभी यह व्यवस्था 90 दिनों के लिए लागू की गई है। गौतम बुद्ध नगर में 400 से अधिक हाईराइज सोसाइटियां हैं, जहां बिजली कटौती के दौरान बैकअप के लिए बड़े डीजी सेट (डीजल जनरेटर) लगाए गए हैं। इन जनरेटरों को संचालित करने के लिए प्रतिदिन बड़ी मात्रा में डीजल की आवश्यकता होती है। ऐसे में नए नियम लागू होने के बाद बिल्डरों और अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) की चिंता बढ़ गई है। सोसाइटी प्रबंधन से जुड़े लोगों का कहना है कि बड़ी आवासीय परियोजनाओं में लंबे समय तक बिजली कटौती होने पर जनरेटर लगातार चलाने पड़ते हैं। अब डीजल खरीद की सीमा तय होने से बैकअप व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। यदि सोसाइटियों को खुदरा पेट्रोल पंपों की बजाय महंगा कमर्शियल डीजल खरीदना पड़ा तो जनरेटर संचालन की लागत में भारी बढ़ोतरी हो सकती है। इसका सीधा असर निवासियों पर पड़ेगा और पावर बैकअप शुल्क व मेंटेनेंस चार्ज भी बढ़ सकते हैं।

## दिल्लीवासियों ने मई में गटक ली 11,12,761 केस बीयर

नई दिल्ली 14 जून (निस) दिल्ली में बीते साल मई के मुकाबले इस साल मई में बीयर की बिक्री में 10 फीसदी ज्यादा बिक्री दर्ज की गई है। आबाकारी अधिकारियों की मानें तो रिटेल दुकानों पर देश के लोकप्रिय बीयर ब्रांडों की वापसी के वजह से ये बढ़ोत्तरी हुई है। दिल्ली में गर्मियों के दौरान बीयर लोगों की सबसे पसंदीदा अल्कोहल ड्रिंक में से एक है। जैसे-जैसे गर्मी अपना रंग दिखाना शुरू करती है, बीयर की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ बढ़ जाती है। दिल्लीवासी गर्मी भगाने के लिए बीते साल मई के मुकाबले में इस मई में ज्यादा बीयर गटक गए। राजधानी में दुकानों में फिर से लोकप्रिय ब्रांडों के आने से इस साल मई में बीयर की बिक्री बीते साल इसी टाइम पीरियड के मुकाबले 10 फीसदी बढ़ी है। आबकारी विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, बढ़ोत्तरी की वजह रिटेल दुकानों पर देश के लोकप्रिय बीयर ब्रांडों की वापसी है। आंकड़ों के अनुसार, लोकप्रिया देसी बीयर ब्रांडों की रिटेल दुकानों में हिस्सेदारी इस साल मई में बढ़कर 54 फीसदी हो गई जो कि मई 2025 में 24 फीसदी जबकि 2024 में 38 फीसदी थी।

आंकड़ों के मुताबिक, कम लोकप्रिय ब्रांड जिनमें नेपाल और भूटान के ब्रांड भी शामिल हैं उनकी हिस्सेदारी 46 फीसदी रही जो कि मई 2024 में 62 फीसदी थी। एक ऑफिशियल डॉक्यूमेंट के अनुसार, बीयर की बिक्री इस साल मई में 10 फीसदी बढ़ी है जो कि बीते साल इसी टाइम पीरियड के दौरान कम थी। बीते साल मई में बीयर की 10,10,524 केस की बिक्री हुई थी, जबकि इस साल 11,12,761 केस की बिक्री हुई। इसमें से इस मई में देसी ब्रांडों की हिस्सेदारी 5,96,351 केस जबकि पिछले साल इसी अवधि के दौरान यह 2,47,143 केस थी।

## अंत्योदय भावना सराहनीय-सैनी

**पृष्ठ एक का शेष** ... पहलें समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन रही हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है हरियाणा सरकार - मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार माताओं, बहनों और बेटियों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। प्रदेश में विधवा महिलाओं को 3,200 रुपये मासिक पेंशन प्रदान की जा रही है। दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्र महिलाओं को 2,100 रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जा रही है, जबकि हर घर-हर गृहिणी योजना के अंतर्गत 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, लखपति दीदी अभियान, स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण तथा महिला सुरक्षा और शिक्षा से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश में 81 नए कॉलेज खोले गए हैं, जिनमें 31 कॉलेज विशेष रूप से छात्राओं के लिए स्थापित किए गए हैं। राज्य सरकार बेटियों को स्नातकोत्तर स्तर तक नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध करा रही है, ताकि वे शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकें।मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति का वास्तविक उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान करना और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना है। उन्होंने कहा कि लुधियाना में विधवा माताओं और बहनों को सहायता उपलब्ध कराने का यह अभियान अंत्योदय के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक प्रेरणादायी प्रयास है।

## शशि थरुर ...

**पृष्ठ एक का शेष** ..नाकेबंदी को न मानने वाले व्यापारिक जहाज को गैर घातक हथियार से नहीं रोका जा सकता था? क्या किसी जहाज को मिसाइल मारे बिना रोकना संभव नहीं है? देखा जाए तो उस क्षेत्र में तैर रहे हर व्यापारिक जहाज पर भारतीय क्रू मेंबर मौजूद हैं। तो क्या उन पर हमला करना अमेरिका के लिए सही है। मुझे उम्मीद है यही सवाल जयशंकर ने भी रुबियो के सामने उठाए होंगे। थरूर के अलावा कई बड़े नेताओं और पूर्व राजनयिकों ने भी अमेरिकी की तरफ से इस तरह के रवैये पर सवाल उठाए हैं।

होर्मुज स्ट्रेट के पास पलाउ के झंडे वाले जहाज पर हुए हमले और उसमें तीन भारतीयों की मौत के बाद दोनों देशों के रिश्ते तल्ख हो गए थे। इस घटना के बाद विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राजनयिक को डिमार्श जारी करके तलब किया और विरोध दर्ज करवाया। इसके बाद विदेश मंत्री जयशंकर और मार्को रुबियो के बीच फोन पर बात हुई। भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से इस बातचीत को लेकर कहा गया कि सरकार ने अमेरिका के सामने कड़ा विरोध दर्ज करवाया है।

**ट्रेन की चपेट में...**की बात कही, जिससे बोगी में अफरातफरी मच गई। घबराए यात्रियों ने आपातकालीन चेन खींचकर ट्रेन रोक दी और कई लोग नीचे उतर गए। इसी दौरान पास की लाइन पर धौलपुर की ओर से आ रही पातालकोट एक्सप्रेस वहां पहुंच गई और कुछ यात्री उसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही जीआरपी,आरपीएफ और मुरैना पुलिस की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं। राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया तथा मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। मृतकों की पहचान करने और उनके परिजनों से संपर्क करने की प्रक्रिया जारी है।

# कौन हैं लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई जो संभालेंगे एनएससीएस में बड़ी भूमिका

नई दिल्ली 14 जून (निस) भारतीय सेना के डिप्टी चीफ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को एनएससीएस में नया मिलिट्री एडवाइजर नियुक्त किया गया है, जो इस पद पर नियुक्त होने वाले पहले सेवारत सैन्य अधिकारी हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के नेतृत्व में, घई देश की सुरक्षा रणनीतियों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भारतीय सेना के डिप्टी चीफ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल सेक्रेटेरिएट (एनएससीएस) में नया मिलिट्री एडवाइजर नियुक्त किया गया है। यह पहली बार है जब किसी सेवारत सैन्य अधिकारी को इस पद पर नियुक्त किया गया है। एनएससीएस का नेतृत्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ऑपरेशन सिंदूर के दौरान डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस (डीजीएमओ) के पद पर थे। सूत्रों के मुताबिक, अब वह जल्द ही अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। उनका कार्यकाल दिसंबर 2027 तक है। इस सप्ताह उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी गई है। राजीव घई का सैन्य अनुभव काफी व्यापक रहा है। उन्होंने पश्चिमी सेक्टर में इन्फैंट्री बटालियन की कमान संभाली है। इसके अलावा उन्होंने मध्य क्षेत्र में स्वतंत्र ब्रिगेड, अरुणाचल प्रदेश में इन्फैंट्री डिवीजन और श्रीनगर स्थित 15 कॉर्प्स की कमान भी संभाली है। उनसे पहले जनरल एन।एस। राजा सुब्रमणि इस पद पर थे, जो अब देश के नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) हैं। इससे पहले एयर मार्शल संदीप सिंह और जनरल अनिल चौहान भी मिलिट्री एडवाइजर रह चुके हैं। मोदी सरकार में 2018 में इस पद को फिर से सक्रिय किया गया था। लेफ्टिनेंट जनरल विनोद खंडारे सरकार में पहले मिलिट्री एडवाइजर बने थे। लेफ्टिनेंट जनरल घई ने अपने करियर में कई बड़ी और अहम जिम्मेदारियां निभाई हैं। उन्हें कश्मीर घाटी और एलओसी के पास आतंकवाद-रोधी अभियानों का विशेषज्ञ माना जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनके रोल, रणनीतिक फैसलों और आतंकियों के खिलाफ योजनाओं के लिए उन्हें व्यापक स्तर पर सराहा गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली में थप्पड़ का बदला लेने के लिए युवक ने पत्थर से वार करके की अपने ही दोस्त की हत्या

नई दिल्ली 14 जून (निस) खजूरी खास इलाके में थप्पड़ का बदला लेने के लिए एक युवक ने पत्थर से वार करके अपने दोस्त अजहरुद्दीन की हत्या की थी। पुलिस ने फरार आरोपित शिफायत को गिरफ्तार कर लिया है। नशा करने के दौरान पांच जून को हत्या की थी। शव को ईंटो से ढकने के बाद आरोपित फरार हो गया था। जिला पुलिस उपायुक्त राहुल अलवाल ने बताया कि आठ जून को पुलिस को सूचना मिली थी कि खजूरी खास मेट्रो स्टेशन के पास जंगल में एक युवक शव पड़ा हुआ है। शव देखकर ऐसा लग रहा था कि वह दो से तीन दिन पुराना है। सिर व चेहरे पर भारी वस्तु से हमले के निशान थे।

## एमसीडी की अधूरी कार्रवाई, कहीं असंतोष तो कहीं जान का खतरा

नई दिल्ली 14 जून (निस) सैदुलाजाब में अवैध निर्माण और हौजरानी में अवैध होटल के चलते कुल 30 लोगों की मौत के बाद एमसीडी की नींद टूटी। अवैध निर्माण और अवैध होटलों के अतिक्रमण के खिलाफ अभियान छेड़ा। संपत्तियों को ध्वस्त भी किया। पर ध्वस्तीकरण की अधूरी कार्रवाई कहीं लोगों में असंतोष बढ़ा रही तो कई जगहों पर हादसों को न्योता भी दे रही है। कार्रवाई के चलते टूटे-लटके छज्जों और आधी तोड़ी गई इमारतों से हादसों की आशंका बनी हुई है। हौजरानी गांव में हाजी अब्बास पार्क के कार्नर से आरके एजेंसी लाल बत्ती तक यह लेन लगभग 25 फीट चौड़ी और लगभग 500 मीटर लंबी है। स्थानीय दुकानदारों के मुताबिक गली की चौड़ाई तो 25 फीट ही है। वर्षा होने पर गली में पानी भर जाता है। हर किसी ने दो से तीन फीट छोड़कर दुकान व मकान बनाए हैं। उसी छोड़े गए हिस्से में चबूतरे बने। इसी गली के शुरुआत में अवैध होटल है, जिसमें आग लगने की घटना में अब तक 23 लोगों की मौत हो चुकी है।

## छत्तीसगढ़ यूथ कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन, चुनाव से पहले शुरू हुई इंटरव्यू, प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए दिल्ली तक लॉबिंग

बिलासपुर 14 जून (निस) छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद को लेकर संगठन के भीतर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। चुनाव से पहले दावेदारों के इंटरव्यू हाईकमान ले रही है। इसी बीच युवा कांग्रेस के निर्वाचित प्रदेश महासचिव भावेन्द्र गंगोत्री का दिल्ली दौरा चर्चाओं का केंद्र बन गया है। संगठन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन्हें महत्वपूर्ण चर्चा के लिए दिल्ली बुलाए जाने के बाद प्रदेश की राजनीति में यह माना जा रहा है कि प्रदेश अध्यक्ष पद की दौड़ में उनका नाम प्रमुख दावेदारों में शामिल हो गया है। युवा कांग्रेस में जमीनी स्तर से राजनीति शुरू करने वाले भावेन्द्र गंगोत्री पूर्व में निर्वाचित जिला अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में प्रदेश महासचिव के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। किसानों, युवाओं, छात्रों और बेरोजगारों के मुद्दों को लेकर उनके लगातार आंदोलनों और संगठनात्मक सक्रियता ने उन्हें प्रदेशभर में पहचान दिलाई है। राष्ट्रीय स्तर पर हो रही बैठक सूत्रों के अनुसार दिल्ली प्रवास के दौरान उनकी युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ अहम बैठकें प्रस्तावित हैं।

# तुगलकाबाद अग्निकांड में नया मोड़

नई दिल्ली 14 जून (निस) इस घटना को लेकर पुलिस को पीसीआर कॉल रात 2ः24 बजे प्राप्त हुई थी। इसके बाद अग्निशमन सेवा कर्मी और आपातकालीन प्रतिक्रिया बल के लोगों ने धुएं से भरी इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान चलाया था। दिल्ली के तुगलकाबाद इलाके में गुरुवार रात जिस पांच मंजिला रिहायशी इमारत में भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई थी, उस घटना को लेकर शनिवार को एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। दरअसल मामले की जांच के दौरान जब पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमें एक हैरान करने वाली तस्वीर दिखाई दी। फुटेज देखने से पता चला कि आग लगने से कुछ सेकंड पहले एक संदिग्ध महिला मुंह छुपाकर उस बिल्डिंग की पार्किंग में गई थी, और उसके अंदर जाने के करीब 30 सेकंड बाद वहां आग लग जाती है और इसके तुरंत बाद वह संदिग्ध महिला वापस मुंह छुपाकर वहां से निकल भागती है। इससे पहले तक इस घटना को एक हादसे के तौर पर देखा जा रहा था, लेकिन इस सीसीटीवी फुटेज के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों ने इसी महिला पर आग लगाने का शक जताया है। वहीं पुलिस ने उस संदिग्ध महिला की खोज करने की बात कही है। पुलिस के अनुसार इस घटना में 22 साल के एक युवक और दो महिलाओं समेत एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य लोगों का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया था कि घटना के बारे में पुलिस को पीसीआर कॉल रात 2ः24 बजे प्राप्त हुई थी। जिसके बाद स्थानीय पुलिस टीमें तुरंत मौके पर पहुंची और जल्द ही वहां वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए।

## सेवा में जन समस्या निवारण शिविर एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

दतिया 14 जून (निस) शासन के निर्देशानुसार जनपद पंचायत सेव?ा द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से जन समस्या निवारण शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सेव?ा प्रदीप अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि शासन की प्राथमिकता आमजन को उनके घर के निकट ही बेहतर सेवाएं एवं समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वृक्षारोपण भी किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों का पंजीयन कर उनका निराकरण किया गया तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ब?ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।




अमृतपाल सिंह प्रिंटर, पब्लिशर व संपादक ने जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए आईजी प्रिंटर्स प्रा.लिमि., 104, डीएसआईडीसी, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-20 के मालिक/कीपर जगपाल सिंह से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा 24/34 तिलक नगर नई दिल्ली से प्रकाशित किया।

PRGI (RNI) Regd. No.57282/1994